"राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार"

# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 78 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 20 मार्च 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## तकनीक, आविष्कार व अनुसंधान में दक्षता से जीवन में सफलता हासिल करें विद्यार्थी : राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

### महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में 527 युवाओं को प्रदान की उपाधियां

### राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने दिया दीक्षांत समारोह में युवाओं को सफलता का मूल मंत्र

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल व महर्षि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि वे अपने जीवन में तकनीक, आविष्कार व अनुसंधान में दक्षता प्राप्त कर सफलता हासिल करें। उन्होंने संस्कृत के महत्व को बताते हुए कहा कि भारत में लगभग सभी भाषाओं का मूल संस्कृत भाषा में है। यह हर्ष का विषय है कि अब संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार बढ़ रहा है।

राज्यपाल बुधवार को आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में आयोजित महर्षि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल के प्रथम दीक्षांत समारोह में 527 स्नातकों व स्नातकोत्तर की डिग्री प्रदान करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने विद्यार्थियों को दिए अपने संदेश में कहा कि संस्कृत भाषा ज्ञान का भंडार है। जो देश के लिए बहुत उपयोगी है। युवा आज केवल नौकरी के पीछे न भागें बल्कि संकल्प लें कि वे नौकरी देने वाले बनेंगे। स्वयं का उदहारण देते हुए महामहिम ने कहा कि वे सामान्य घर से आते हैं, लेकिन उनकी माता के अधिक से अधिक पढ़ाई करवाने के संकल्प की बदौलत वे आज राज्यपाल के पद पर हैं। जीवन में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें भी जितना अधिक गुणवत्तापूर्वक उच्च शिक्षा होगी, देश उतना ही तरक्की करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पहली बार नई शिक्षा नीति में हिंदी व मातृ भाषा में कोर्स सीखने की शुरुआत की गई है। विद्यार्थी हिंदी व मातृ भाषा में भी सारे कोर्स कर सकेंगे, ऐसा दिन जल्द आने वाला है। इससे जो गरीब बच्चे अंग्रेजी नहीं पढ़ पाते, वे बच्चे भी उच्च शिक्षा हासिल कर सकेंगे। हरियाणा सरकार ने भी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के फैसले अनुसार शिक्षा के लिए बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में रिसर्च जितना अधिक होगा, शिक्षा उतनी अधिक महत्वपूर्ण होगी। संस्कृत का स्थान भी आगे बढ़ना चाहिए। संस्कृत जितना आगे बढ़ेगी, देश उतना ही आगे बढ़ेगा। युवा अपनी भाषा में पढ़ने व बात करने में हीन भावना न लाएं बल्कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। विकसित भारत के लिए भारत के सांस्कृतिक ज्ञान को विश्व में ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि आप अपने जीवन में हमेशा ऊँचा लक्ष्य रखें। उन्हें हालिस करने में अनेक चुनौतियां सामने आऐगी, लेकिन इनसे घबराने की बजाए दृड़ता के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने सभी युवाओं का आह्वान किया कि वे संस्कृत भाषा का अध्ययन कर इसमें अनुसधान करें। वे वेद, पुराण, रामायण व महाभारत के ज्ञान को लोगों तक ले जाने में अपना योगदान दें। उन्होंने विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय संस्कृत भाषा में सात स्नातक, आठ स्नातकोत्तर एवं पांच डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाने में सफल रहा है। इस समय विश्वविद्यालय में वेद, ज्योतिष, संस्कृत, व्याकरण, दर्शन, हिंदू अध्ययन, धर्मशास्त्र, योग और साहित्य के पाठ्यक्रम चल रहे हैं। योग, वास्तु शास्त्र, कर्मकांड और ज्योतिष में डिप्लोमा कार्यक्रम भी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किए जा रहे हैं।




राज्यपाल ने समारोह में पांच पुस्तकों व एक शोधपत्र का विमोचन किया और बधाई देते हुए कहा कि इन पुस्तकों में समाहित ज्ञान देश को आगे ले जाएगा। उन्होंने संस्थान द्वारा चलाए गए अभियान व विद्यार्थियों के कल्याण की योजनाओं की सराहना की। साथ ही कहा कि आज दीक्षांत समारोह के दौरान 180 छात्राओं डिग्री मिली है, यह महिला उत्थान का सराहनीय कार्य है। यह भी हर्ष का विषय है कि जिले का नेतृत्व एक महिला अधिकारी कर रही हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय अधिकारियों का आह्वान किया कि अगले साल दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में ही आयोजित किया जाए। इसके लिए 40 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे भवन का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, महेन्द्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार तथा सारस्वत अतिथि के रूप में सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, गुजरात के कुलपति प्रो. सुकांत कुमार सेनापति उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्र भारद्वाज ने राज्यपाल एवं सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। यह विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह है, जिसमें वर्ष 2019 से 2024 के दौरान सभी परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। कुल 527 विद्यार्थियों में 131 स्नातक/शास्त्री, बीए और 396 स्नातकोत्तर में आचार्य, एमए की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थी शामिल रहे।

इस अवसर पर 38 सर्वोत्कृष्ट विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया गया। इससे पूर्व हेलीपेड पर पहुंचने पर डीसी प्रीति एवं एसपी राजेश कालिया ने महामहिम राज्यपाल का अभिनंदन किया। वहीं समारोह में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. सत्य प्रकाश दुबे, कुलसचिव प्रो. संजय गोयल, परीक्षा नियंत्रक प्रो. भाग सिंह बोदला सहित विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद, शिक्षा परिषद एवं कोर्ट के सदस्यों सहित कैथल के प्रतिष्ठित महानुभाव और मीडियाकर्मी मौजूद रहे। समारोह राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

## धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाने के लिए किसानों को अब मिलेगी 8000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि : मुख्यमंत्री

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान हित में जितने निर्णय पिछले 10 वर्षों में वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा लिए गये हैं उतने पहले की सरकारों ने कभी नहीं लिए गए। उन्होंने कहा कि मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान के स्थान पर अन्य वैकलपिक फसलों को अपनाने के लिए किसानों को अब 8000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जो पहले 7000 रुपये प्रति एकड़ थी। इतना ही नहीं, किसानों को सहकारी बैंकों से जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर फसली ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।



मुख्यमंत्री आज विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान इनेलो के विधायक श्री आदित्य देवीलाल द्वारा प्रदेश के किसानों पर फसली ऋण के बारे पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में बोल रहे थे। उन्होंने सदन को अवगत करवाया कि हरको बैंक व अन्य सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को फसली ऋण 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जाता है, परंतु यह ब्याज की राशि 4 प्रतिशत हरियाणा सरकार द्वारा तथा 3 प्रतिशत केन्द्र सरकार द्वारा वहन की जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा किसान हित में निरंतर लिए जा रहे निर्णयों के फलस्वरूप पिछले 10 वर्षों में किसान की पैदावार में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सबसिडी देकर टपकन व फव्वारा सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके अलावा, 10 वर्षों में पहली बार सिंचाई के लिए अंतिम टेल तक पानी पहुंचने काम वर्तमान सरकार द्वारा किया जा रहा है।

**उत्तराखंड सरकार हरियाणा के गन्ना किसानों का 34 करोड़ रुपये का करे भुगतान : श्री नायब सिंह सैनी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर उत्तराखंड की एक गन्ना मिल में हरियाणा के किसानों की बकाया राशि को जारी करने का अनुरोध किया है। यह बकाया राशि करीब 34 करोड़ रुपए है।

नायब सिंह सैनी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे पत्र में कहा है कि विभिन्न किसान संगठनों के साथ बैठक करते हुए उनके संज्ञान में आया है कि उत्तराखंड की इकबालपुर चीनी मिल में हरियाणा के गन्ना किसानों का वर्ष 2017-18 का लगभग 34 करोड़ रुपया बकाया है।

भुगतान में देरी के कारण उन किसानों को काफी परेशानी हो रही है जो अपनी आजीविका के लिए इन निधियों पर निर्भर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार भुगतान में देरी के कारणों की जांच भी करवाएं तथा प्रभावित किसानों को बकाया राशि का तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दें। उन्होंने इस मामले की त्वरित और सकारात्मक प्रतिक्रिया की आशा करते हुए किसान हित में इस मुद्दे के शीघ्र समाधान का अनुरोध किया है।

## हरियाणा विधानसभा की विकास यात्रा में एक और संसदीय सुधार

### विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण बने सामाजिक सुधार के वाहक, दो विशेष समितियां बनेंगी

### युवा मामलों तथा पर्यावरण संबंधी दो समितियों का होगा गठन


**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा की विकास यात्रा में बुधवार को एक बड़े संसदीय सुधार ने दस्तक दी। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सामाजिक सुधारों में विधायिका की सहभागिता बढ़ाते हुए दो नई समितियों के गठन की घोषणा की है। इसके लिए जल्द संसदीय कार्य मंत्री की ओर से प्रस्ताव लाया जाएगा।

बुधवार को प्रश्नकाल की कार्यवाही के बाद विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि विधायिका दो प्लेटफार्म सदन और समितियों के माध्यम से कार्य करती है। सदन के पास समय कम होता हैं, इसलिए विधानमंडल अपने अधिकतर कार्य अपनी समितियों के माध्यम से वर्षभर करते हैं। कल्याण ने कहा कि उन्होंने अनेक राज्यों की विधायिकाओं का दौरा किया है और कुछ का अध्ययन भी किया है। उन्होंने पाया है कि बहुत सी विधायिकाओं में हरियाणा की विधायिका से अधिक समितियां हैं।

उन्होंने कहा कि समितियां जनहित के कार्य साधने का प्रभावशाली प्लेटफार्म है। इसलिए उन्होंने गहन अध्ययन के बाद महसूस किया कि हरियाणा विधान सभा में संसदीय सुधार की दरकार है। दूसरा, गत 18 मार्च 2025 को सदन में नशे का विषय उठा था। इस मसले पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत अनेक सदस्यों ने गंभीरता दिखाई है।

विस अध्यक्ष ने कहा कि नशा युवाओं पर दुष्प्रभाव डाल रहा है। इसलिए इस समस्या के निदान के लिए विधान सभा की कमेटी बनाए जाने की जरूरत हैं। इस समिति का



नाम 'युवा कल्याण व युवा मामलों सम्बन्धी समिति' होगा। इसके साथ ही उन्होंने 'प्रदूषण तथा पर्यावरण सम्बन्धी समिति' का भी सुझाव दिया। कल्याण ने कहा कि ये दोनों समितियां पर्यावरण और नशे जैसी गंभीर चुनौतियों पर सरकार को सुझाव देगी।

उन्होंने कहा कि संसदीय प्रथाओं व कार्य प्रणाली के अनुसार नियम समिति के अतिरिक्त इन समितियों का गठन सदन में एक प्रस्ताव लाकर किया जा सकता है। विस अध्यक्ष द्वारा सदन से की गई इस अपील के बाद संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने दो नई समितियों को बनाने के लिए एक सरकार की ओर से प्रस्ताव लाने का आश्वासन दिया।

## हरियाणा विधानसभा बजट सत्र: किसानों के कर्ज और भूजल की गुणवत्ता पर गूंजे अहम मुद्दे

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन प्रश्नकाल के दौरान इनेलो विधायक दल के नेता अदित्य देवीलाल ने किसानों की कर्ज समस्या को लेकर सरकार से तीखे सवाल किए। वहीं, अर्जुन चौटाला ने राज्य में पीने के पानी की गुणवत्ता और पाइपलाइन प्रणाली में सुधार की जरूरत पर बल दिया।

**किसानों के कर्ज पर अदित्य देवीलाल का सवाल**

प्रश्नकाल के दौरान अदित्य देवीलाल ने किसानों की ऋण समस्या को उठाते हुए कहा कि हरियाणा में 25 लाख किसानों पर लगभग 60,000 करोड़ रुपये का कर्ज है। उन्होंने कहा कि किसान मजबूरी में कर्ज लेते हैं, चाहे वह बेटी की शादी हो या अन्य जरूरी काम। अधिकतर कर्ज प्राइवेट बैंकों से लिया जाता है, जिनका ब्याज बहुत अधिक होता है, जिससे किसानों की स्थिति और खराब हो जाती है।

**उन्होंने सरकार से सवाल किया:**

क्या सरकार के पास किसानों का कर्ज कम करने के लिए कोई नीति है? यदि हां, तो 27 लाख किसानों में से कितने इस योजना से लाभानवित हुए हैं?

देवीलाल ने कहा कि अगर सरकार किसानों को पर्याप्त सिंचाई का पानी, उत्तम खाद, बीज और दवाइयां उपलब्ध कराए तो किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं और कर्ज चुकाने में सक्षम होंगे। लेकिन दुर्भाग्यवश, मौजूदा सरकार में किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**भूजल की गुणवत्ता पर अर्जुन चौटाला ने उठाई चिंता**

सत्र के दौरान अर्जुन चौटाला ने भूजल की खराब गुणवत्ता का मुद्दा उठाते हुए पानी की सप्लाई में



पीवीसी पाइप के उपयोग को बंद करने और यूपीवीसी पाइप को अपनाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि पीवीसी पाइप सूर्य की गर्मी में गर्म होकर माइक्रोप्लास्टिक छोड़ते हैं, जो गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। इसके विपरीत, यूपीवीसी पाइप स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होते हैं और पानी को प्रदूषित नहीं करते। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द यूपीवीसी पाइप के उपयोग पर नीति बनाई जाए।

**शहरीकरण और सीवेज ट्रीटमेंट पर सुझाव**

चौटाला ने कहा कि हरियाणा तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है, जिससे बड़े सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों की जरूरत बढ़ रही है। उन्होंने विदेशी उदाहरणों का हवाला देते हुए कहा कि ट्रीट किया गया पानी भले ही पीने योग्य न हो, लेकिन इसे खेतों में सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

**इनेलो ने दिया विधायकों के लिए लंच, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को भेजा न्योता**

बुधवार को बजट सत्र के दौरान इनेलो पार्टी की ओर से सभी विधायकों के लिए लंच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इनेलो के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय महासचिव चौधरी अभय सिंह चौटाला भी मौजूद रहे। लंच के लिए मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, सभी मंत्री, कांग्रेस विधायकों और स्वतंत्र विधायकों को भी न्योता भेजा गया था।

**क्या सरकार देगी जवाब?**

अदित्य देवीलाल और अर्जुन चौटाला द्वारा उठाए गए सवाल प्रदेश के किसानों और आमजन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। अब देखना यह है कि सरकार इन पर क्या रुख अपनाती है और क्या समाधान पेश करती है।

## विकास कार्यों को लेकर नहीं बरतेंगे कोताही : दीपक यादव

### समस्याओं के निस्तारण के सन्दर्भ में संवाद किया

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ।** नवनिर्वाचित पार्षद दीपक यादव ने वार्ड नं 43, 42 में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ गर्मी के मौसम में होने वाली परेशानी को देखते हुए एसडीओ अमरजीत डांगी व जेई से मिलकर क्षेत्र में अधूरे पड़े बिजली के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर नए ट्रांसफॉर्मर लगवाने और ट्रांसफॉर्मर जल्द से जल्द लगाकर आमजन को राहत पहुँचाने एवं समस्याओं के निस्तारण व विकास कार्यों के सन्दर्भ में संवाद किया।



### मंडल रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 21 मार्च को

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** मण्डल रोजगार कार्यालय गुरुग्राम द्वारा 21 मार्च को प्रात: 9 बजे लघु सचिवालय स्थित पांचवी मंजिल पर कमरा नम्बर 513-514 में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कम्पनियां भाग ले रही है, जिनमें 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट व आईटीआई पास बेरोजगार प्रार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएं जाएंगे।



# लखनऊ में पुलिस के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

## थाने में हुए विवाद के बाद दो गुट में बंटे बार एसोसिएशन; एक ने कहा- काम करेंगे, दूसरा बोला- हड़ताल

**लखनऊ।** में पुलिस के खिलाफ वकील दो गुट में बंट गए हैं। एक गुट अल्टीमेटम देने के बाद हड़ताल से पीछे हट गया। यह देखते ही दूसरे गुट ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। होली के दिन थाने पर पुलिस से विवाद के बाद हड़ताल, रैली, प्रदर्शन और कमिश्नर ऑफिस के घेराव का अल्टीमेटम वकीलों ने दिया था। उसके बाद पुलिस ने एक इंस्पेक्टर, तीन दरोगा और एक सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस और वकीलों के बीच हुई मारपीट के मामले की चारों FIR की जांच अब गोमतीनगर विस्तार के थाने से कराई जाएगी। ऐसे बंटे गुटों में पुलिस से मुकदमे वापस लेने के लिए तीनों बार एसोसिएशन ने आपात बैठक की थी। उसके बाद सबका निर्णय था कि कमिश्नर ऑफिस का घेराव और प्रदर्शन किया जाएगा। उसके बाद घेराव के तय समय पर प्रदर्शन के बाद एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बयान आ गए कि हमारी लड़ाई पुलिस से है, न्यायपालिका से नहीं। इसलिए कार्य करते रहेंगे। यह सुनते ही लखनऊ बार एसोसिएशन और सेंट्रल बार एसोसिएशन के वकील भड़क गए। उनका कहना है कि पुलिस मामले में घालमेल कर रही है। पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जब तक मुकदमे वापस नहीं होंगे तब तक वकील अपना



प्रदर्शन बंद नहीं करेंगे। इसके बाद स्वास्थ्य भवन चौराहे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। दरअसल, पुलिस पर थाने में वकील के मुंह पर पेशाब करने का आरोप है। इसी के चलते मंगलवार शाम को लखनऊ बार, सेंट्रल बार और अवध बार एसोसिएशन ने हड़ताल की। इसके बाद बुधवार दोपहर 1 बजे तक अपने ऊपर दर्ज मुकदमों को वापस करने का अल्टीमेटम दिया। वकीलों ने चेतावनी दी थी कि पुलिसकर्मियों के खिलाफ अगर कार्रवाई नहीं हुई तो सैकड़ों अधिवक्ता पुलिस कमिश्नर कार्यालय का घेराव करेंगे।अब पीछे हटे तो बंटे बार एसोसिएशन वकीलों के प्रदर्शन से पीछे हटने की सूचना मिलते ही बार एसोसिएशन दो गुट में बंट गए। लखनऊ बार एसोसिएशन और सेंट्रल बार एसोसिएशन के दूसरे गुट के अधिवक्ताओं ने स्वास्थ्य भवन चौराहे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने नारेबाजी भी की। मंगलवार को वकीलों के मामले को लेकर लखनऊ में कई चौराहों पर पुलिस हाई अलर्ट पर रही। बैरिकेडिंग के साथ पुलिस बल सड़कों पर उतारा गया। जवान लाठी और सेफ्टी जैकेट से लैस थे। यह तैयारी वकीलों के हड़ताल पर जाने और शहर में रैली निकालने के ऐलान के बाद की गई थी। लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महामंत्री ने बताया कि उनके द्वारा हड़ताल को वापस ले लिया गया है। गुरुवार से पूर्व की तरीके से न्यायिक कार्य शुरू हो जाएंगे। पुलिस कमिश्नर लखनऊ से वार्ता हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि मुकदमे वापस होंगे और इसकी SIT जांच कराई जाएगी। सेंट्रल बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा- हम प्रदर्शन इसलिए कर रहे हैं कि पुलिस के द्वारा षड्यंत्र करके कार्रवाई की गई थी। ऐसे दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

## प्रदूषण मुक्त वातावरण विकसित करने के लिए किया गया पौधारोपण



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** हाटा विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय तमासपुर को प्रकृति की आभा और प्रदूषण मुक्त वातावरण विकसित करने के लिए प्रधानाध्यापक राजीव कुमार गुप्ता ने सराहनीय पहल शुरू की है। इसी क्रम में विद्यालय में आधा दर्जन गमलों में फूल, पत्तों वाले पौधों का रोपण एमआरपी विनोद कुमार शर्मा ने किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमआरपी विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों को पढ़ने के लिए शिक्षक द्वारा सरकार द्वारा मिड डे मिल, गणवेश, पुस्तकें सहित विभिन्न संसाधनों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि शिक्षण का उचित माहौल बने।। प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि विद्यालय में अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान किया जाय। अंत में छात्र और छात्राओं को विद्यालय में लगे पौधों के संरक्षण, सिंचाई और देखभाल के लिए संकल्प दिलाया गया।

## शिक्षक संकुल बैठक में हुई चर्चा और परिचर्चा

**संवाददाता**

**कुशीनगर ।** हाटा विकास खण्ड के अहिरौली राय के प्राथमिक विद्यालय डुमरी चुरामनछपरा में शिक्षकों की बैठक हुई। जिसमें शैक्षणिक गुणवत्ता के संवर्धन पर चर्चा कर करते हुए आगामी कार्य योजना तैयार की गई।



मंगलवार को हुई बैठक में शिक्षक विपिन सिंह ने कहा कि नवीन शिक्षण पद्धतियां विद्यार्थियों के मानसिक, शैक्षणिक विकास में सहायक सिद्ध होंगी। उन्होंने मिशन शक्ति फेज 4 कार्यक्रम के तहत बेटी साक्षरता, स्वावलंबन पर जोर दिया। अभयानंदन तिवारी ने नई कार्य योजना के तहत शिक्षकों के बीच कक्षा आवंटन, कार्य विभाजन, निपुण लक्ष्य एप इंस्टाल कर उससे स्पॉट एसेसमेंट करने, निपुणतालिका अपडेट करने, सभी शिक्षक संकुल द्वारा डीसीएफ भरने तथा संकुल शिक्षकों द्वारा अपने विद्यालय को निर्धारित समय में निपुण बनाने की कार्य योजना, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में बच्चों की तैयारी, 5 पॉइंट टूल किट, शिक्षक प्रशिक्षण माड्यूल में शिक्षकों की प्रगति, टीएएलम , बच्चों द्वारा किए गए कार्यों, निर्धारित मासिक प्राथमिकताओं, योजनाओं पर चर्चा की। इस मौके पर कंपोजिट विद्यालय खड्डा के शिक्षकों ने विद्यालय में किये जा रहे नवाचारों का प्रदर्शन किया। अध्यक्षता अनिता राय व संचालन धीरज मिश्रा ने किया। इस दौरान रितेश सिंह, सुमित राय, मुरली मनोहर, राजीव गुप्ता, रागिनी पांडेय, पद्मावती सिंह, कमलेश गुप्ता, दीनानाथ कुमार, रियाजुदीन, मुमताज अहमद मौजूद रहीं।

## बिहार दिवस पर एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्नेह मिलन कार्यक्रम 22 मार्च को



**संवाददाता**

**कुशीनगर ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 22 मार्च को बिहार दिवस के मौके पर 12 बजे दोपहर पडरौना बेलवा चुंगी स्थित सृजन द गुरुकुल सभागार में एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम में प्रवासी बिहारी समाज के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा और बिहार में एनडीए सरकार की उपलब्धियों को बताया जाएगा। उक्त जानकारी पार्टी के जिला महामंत्री व एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के जिला संयोजक सुदर्शन पाल ने रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में तैयारी बैठक में दी। जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम के जिला सह संयोजक रमेश सिंह ने बताया कि स्नेह मिलन कार्यक्रम के लिए जनपद में निवास करने वाले बिहार मूल के नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है। संचालन जिलामंत्री व कार्यक्रम सहसंयोजक डॉ सीमा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, महिला मोर्चा जिला महामंत्री रुपम सिंह, मण्डल अध्यक्ष विजय कुमार सोनी, दिनेश राय, रामजीत चौहान, राजकुमार चौहान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कपिलदेव लाल श्रीवास्तव, राधेश्याम गुप्ता,धवन जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, रितेश गुप्ता, नितेश सैनी अनूप गुप्ता, रंजीता सिंह,रितु सिंह, फूलवंती चौहान, सुमन कुशवाहा उपस्थित थे।

## द्वितीय पुण्यतिथि पर याद की गई स्व. उर्मिला देवी

**संवाददाता**

**कुशीनगर ।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी की माताजी स्व. उर्मिला देवी की द्वितीय पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव भेलेया चंद्रौटा में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। लोगों ने स्व. उर्मिला देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जरूरतमंदों को वस्त्र और फल वितरित कर सम्मानित भी किया गया। विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने स्व. उर्मिला देवी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज के समय में जब बुजुर्गों को वृद्धाश्रम में जीवन बिताना पड़ रहा है, ऐसे में माता-पिता की याद में कार्यक्रम आयोजित कर गरीबों की सेवा करना उनके संस्कारों को दशार्ता है। भाजपा के पूर्व जिला मंत्री रामबृक्ष ने स्व. उर्मिला देवी के धार्मिक जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि वे एक कुशल गृहणी होने के साथ ही पूजा-पाठ में नियमित रूप से संलग्न रहती



थीं। सेंट जोसेफ स्कूल के निदेशक सीओ जोश, डॉ. कन्हैया शर्मा, पंकज पाण्डेय, भाजपा मण्डल अध्यक्ष शेषनाथ मिश्र, अमलेश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन कवि मनंजय तिवारी ने किया। इस अवसर पर सुरेश मणि त्रिपाठी, हरेश मणि त्रिपाठी, महेश मणि त्रिपाठी, सुधाकर मणि त्रिपाठी, प्रभाकर मणि त्रिपाठी, अनिल जायसवाल, सोनू, अजय उपाध्याय, दिनेश मणि त्रिपाठी, उमेश मणि उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र की मौत

**कुशीनगर ।** के हाटा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। हादसा नेशनल हाईवे 28 के महुआरी क्रॉसिंग पर हुआ। मृतक श्याम उर्फ छोटू संस्कृत विद्यालय हाटा का छात्र था। वह दुर्गा मंदिर के पुजारी नागेंद्र पांडेय का छोटा बेटा था। घटना उस समय हुई जब परिवार में जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम चल रहा था। श्याम बाइक से किसी काम से जा रहा था। महुआरी क्रॉसिंग पर सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया। आसपास के लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी।

## क्षेत्रफल बढ़ाने को लेकर 15 गांवों में आयोजित होगी बसंत कालीन गन्ना गोष्ठी



**संवाददाता**

**कुशीनगर ।** उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर द्वारा अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड ढाढ़ा कुशीनगर के परिक्षेत्र में 15 ग्रामों में बसंत कालीन गोष्ठी आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी मिल के अधिशासी अध्यक्ष श्री करण सिंह ने चीनी मिल में गन्ना विकास विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारियों से एक बैठक में बताई। प्रथम चरण में 9 से 12 मार्च तक 12 गांव में गोष्ठी का आयोजन हो चुका है। प्रशिक्षण संस्थान के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता किसानों को बसंत कालीन गन्ना गोष्ठी में देंगे। जिन गांवों में गन्ना क्षेत्रफल कम है। वहां बसंत कालीन गन्ने की बुवाई, बीज गन्ना की उपलब्धता, सिंगल बड़ से तैयार गन्ना पौध की रोपाई, गन्ने की खेती में कृषि यंत्रों का प्रयोग एवं पेडी प्रबंधन, कीटनाशक आदि गन्ना विकास योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। ग्राम चक नारायण पुर में आयोजित गोष्ठी में चीनी मिल के उप महाप्रबंधक गन्ना डीडी सिंह ने बताया कि 19 मार्च को मुंडेराचंद, चकनारायनपुर, जुलाहपुरवा, 20 मार्च को ग्राम रामपुर बुजुर्ग, गणेशपुर घोड़टप पकड़िहार, 21 मार्च को बड़हरी, पट्टन,धरमपुर 22 मार्च को बेलवा बुजुर्ग, कविलसहा, 23 मार्च को भटनी दादन खोट्टा, न्याउमुंडा सहित 15 गांव में गोष्ठी का आयोजन होगा। सहायक उपाध्यक्ष गन्ना अवधेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित ब्लॉक इंचार्ज को निर्देश जारी कर दिया गया है। महेश तिवारी, विजय चौधरी, भास्कर सिंह, राजेश मौर्य चयनित गांव के ब्लॉक प्रभारी हैं। प्रशिक्षण के बाद किसान के खेत पर जाकर गन्ने की उन्नत खेती की व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी।

## प्रेम, सद्भाव और समरसता का प्रतीक है होली: सुरेश गुप्त

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** परंपरागत एवं लुफ्त कलाओं के संवर्धन में अग्रणी अखिल भारतीय संस्था संस्कार संगम कुशीनगर के द्वारा आयोजित पारिवारिक होली मिलन समारोह में नगर स्थित गोपाल नेक्स्ट होटल में मंगलवार की शाम को आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्यअतिथि आरएसएस के जिला संघ चालक रामाश्रय एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि धर्म जागरण प्रमुख तारकेश्वर, जिला कार्यवाह देवेंद्र, डा. रवि शंकर प्रताप राव और सभासद राजेश मद्धेशिया ने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पाअर्चन कर-



के किया गया। सभी ने एकात्म मंत्र एक स्वर में पढा निधि सुनंदा द्वारा गणेश वंदना एव पीहू ने नृत्य प्रस्तुत किया। वंदना मद्धेशिया ने आज होली खेलेंगे सब मिलकर काव्य प्रस्तुत किया। किरण जयसवाल ने होलिया में खेल न गुलाल अहो रे मोरे श्याम लला..। दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने कौने मठ पर होली खेले बाबा....। जोगीरा गीत गाकर सबको मंत्र मुक्त कर दिया। कवियत्री सरिता मिश्रा ने कन्हैया खेल रहे हैं होली विरज में.....। लखनऊ से आए कुमार राम, डॉ. अंबरीश विश्वकर्मा ने होली खेले रघुवीरा के गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संघचालक माननीय रामाश्रय ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है हम सभी एक दूसरे से मिलकर सद्भाव के साथ खेलते हैं यह रंगों का नहीं मन की मिलन का होली है। संस्कार संगम के कलाकारों ने उत्कृष्ट कार्यक्रम प्रस्तुत किया है।ऐसा लग रहा है कि हम सभी मथुरा और बरसाने की होली में है। गोरक्ष प्रांत के धर्म जागरण प्रमुख तारकेश्वर ने धर्म को बढ़ावा देने की अपील करते हुए कहा कि हिंदू हित में संस्कार संगम संस्कृति को बढ़ाने का कार्य कर रही है। संस्था के संरक्षक सुरेश गुप्त ने कहा की होली प्रेम, सद्भाव, उत्साह, उमंग एवं सामाजिक समरसता का महापर्व है। होली के विविध रंग तथा प्रकृति की अनेक छटाए विविधता में एकता का संदेश देती हैं। होली गीत बसन्तोत्सव का प्राणरस है। अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार जैन एवं कोषाअध्यक्ष रमेश मद्धेशिया ने किया। अध्यक्षता गेंदा ने किया। इस दौरान नारायण जायसवाल अनिल जायसवाल मनोज सिंह कृष्ण मुरारी धर द्विवेदी धनंजय राव जनार्दन जी सुभाष गुप्ता रवि पाठक गायक सुनील मिश्रा आकाश प्रजापति दिलीप प्रजापति विनय प्रजापति सुनील मिश्रा एव सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

आभार कार्यक्रम संयोजक मनीष श्रीवास्तव एवं संचालन शिक्षक राजू मद्धेशिया ने किया।

## संक्षिप्त डायरी

### हमीरपुर की जरिया पुलिस ने चोरी के फरार चल रहे अभियुक्त को चोरी के सामान के साथ किया गिरफ्तार



**संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की जरिया पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मु0अ0सं0 35/2025 धारा 331(4),305,317(2) BNS, मु0अ0सं0 36/2025 धारा 331(4),305,317(2) BNS, मु0अ0सं0 37/2025 धारा 331(4),305,317(2) BNS के मामले में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के इन्दरपुरा निवासी 36 वर्षीयअभियुक्त धर्म सिंह उर्फ धर्मा पुत्र स्व० सन्तराम राजपूत को चोरी के सामान सहित झबरा चौराहा ग्राम चण्डौत से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से तीन विद्युत स्टारटर, बरामद करने में कामयाबी हासिल की। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई रमाकान्त शुक्ल, कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल रीझुल मुखरैया सहित काउ संजय विक्रम सिंह शामिल रहे।

### हमीरपुर की मुस्करा पुलिस ने तीन वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-



**संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की मुस्कुरा पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहतअ०सं०- 08/06 धारा-420/466/467/471 आईपीसी के मामले में थाना क्षेत्र के ग्राम उपहरका निवासी 76 वर्षीय वारंटी अभियुक्त देशराज पुत्र चन्दी, जबकि 95 वर्षीय गुलाब सिंह पुत्र हल्कू सहित 78 वर्षीय बोधन पुत्र बालादीन को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कियागया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई मानवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल रामनरेश सहित हेड कांस्टेब वेदप्रकाश शामिल रहे।

### होलिका दहन विवाद में हिंदू संगठन सख्त



**बस्ती।** में सांप्रदायिक सौहार्द को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गनेशपुर नगर पंचायत में होलिका दहन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अम्बेडकर वार्ड की निवासी सत्या चौधरी ने विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के साथ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। आरोप है कि कस्बे के कुछ लोगों ने 13 मार्च को होलिका के मुहूर्त से पहले ही आग लगा दी। जब इसका विरोध किया गया, तो आरोपियों ने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात के बाद अखिलेश सिंह ने बताया कि एसपी ने मामले की जांच दूसरे थाने से कराने का आश्वासन दिया है। आंदोलन की चेतावनी उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो महासंघ आंदोलन करने को मजबूर होगा। ज्ञापन देने के दौरान विश्व हिंदू महासंघ के कई पदाधिकारी मौजूद थे। इनमें प्रदेश मंत्री और अधिवक्ता प्रकोष्ठ के कुलदीप मिश्रा, सौरभ त्रिपाठी, डॉ. परशुराम साहनी समेत कई स्थानीय नागरिक शामिल थे।

### यूपी बोर्ड कॉपी जांच में शिक्षकों का विरोध



**बस्ती।** में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के आह्वान पर शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन काली पट्टी बांधकर किया। जिलाध्यक्ष शिवपाल सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने चार प्रमुख मांगें रखीं। इनमें पुरानी पेंशन बहाली, धारा 12, 18 व 21 की पुनर्बहाली, वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन और निःशुल्क चिकित्सा सुविधा शामिल हैं। बस्ती के चारों मूल्यांकन केंद्रों में यह विरोध प्रदर्शन हुआ। ये केंद्र श्री कृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और जीआरएस इंटर कॉलेज में स्थित हैं। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सभी केंद्रों का दौरा किया।पिछले कई दिनों से शिक्षक संघ के सदस्य इन मांगों से जुड़े स्टीकर चस्पा कर रहे थे। आज सुबह जब शिक्षक मूल्यांकन केंद्रों पर पहुंचे, तो संघ के पदाधिकारियों ने खुद उनकी बांह पर काली पट्टी बांधी। इस प्रतीकात्मक विरोध में जिला मंत्री गिरीश चंद्र चौबे, उपाध्यक्ष डॉ. विकास भट्ट कामिल समेत कई वरिष्ठ शिक्षक और प्रधानाचार्य शामिल रहे।

## संपादकीय

# नौकरी और पैकेज की कमी से जूझ रहा आज का युवा

युवाओं के लिए रोजगार के अवसर केवल एक देश की समस्या ना होकर अब वैश्विक समस्या होती जा रही है। रोजगार को लेकर अब तो यह भी बेमानी हो गया है कि आपने कहां से अध्ययन किया है। हालात यह होते जा रहे हैं कि दुनिया के श्रेष्ठतक अध्ययन केन्द्रों के पासआउट युवा भी अच्छे पैकेज के रोजगार के लिए दो चार हो रहे हैं। यह कल्पना या कपोल कलपित नहीं बल्कि वास्तविकता है कि हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, शिकागो, कोलंबिया, एमआईटी, पेनसिलवेनिया, एमआईटी जैसे वैश्विक ख्यातनाम संस्थानों से एमबीए करें युवाओं को पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलने की संख्या में तेजी से इजाफा होता जा रहा है। ब्लूमबर्ग ने अमेरिका के सात शीर्ष संस्थानों से एमबीए का अध्ययन कर निकले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर अध्ययन कर रिपोर्ट में तो



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

यही खुलासा किया है। चौकाने वाली बात यह है कि 2021 की तुलना में 2024 में यह प्रतिशत करीब करीब चार गुणा बढ़ गया है। 2021 में केवल 4 प्रतिशत पासआउट छात्र ही ऐसे थे जिन्हें पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलता था वह संख्या 2024 तक बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है। अमेरिका के शीर्ष सात संस्थनों में कहीं कहीं तो छह गुणा तक की बढ़ोतरी देखी गई है। यह इसलिए भी चिंताजनक है कि जिन संस्थानों के अध्ययन का स्टेण्डर्ड निर्विवाद समूचे विश्व में श्रेष्ठतम रहा है और जिनकी वैश्विक पहचान है उनकी ही यह हालत है तो आम संस्थानों की क्या होगी ? यह अकल्पनीय है। हो सकता है कि ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट अतिशयोक्तिपूर्ण हो पर हालात जिस तरह के सामने आ रहे हैं उससे यह साफ हो जाता है कि प्लेसमेंट की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। सरकारें लाख प्रयास करें या विपक्षी बेरोजगारी बढ़ने के लाख आरोप प्रत्यारोप लगाये पर लगता है कि प्लेसमेंट, रोजगार और पैकेज का संकट किसी एक देश का नहीं अपितु वैश्विक समस्या बनती जा रही है। इससे युवाओं में कहीं ना कहीं निराशा भी आती जा रही है।

## मंत्री अनिल विज ने सुनीता विलियम्स की सकुशल वापसी पर खुशी जताई

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, श्रम एवं परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने प्रख्यात अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सफल अंतरिक्ष यात्रा के बाद उनकी सुरक्षित वापसी पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में यह सुझाव रखा कि यह सदन उनकी सकुशल वापसी पर हर्ष व्यक्त करे और इस भावना को औपचारिक रूप से सुनीता विलियम्स तक पहुंचाया जाए। श्री विज ने यह भी उल्लेख किया कि सुनीता विलियम्स की जड़ें भारत से जुड़ी हैं, और वे अपने प्रत्येक अंतरिक्ष मिशन में भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का सम्मान करती हैं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात का उल्लेख किया कि सुनीता विलियम्स जब भी अंतरिक्ष यात्रा पर जाती हैं, तो वे अपने साथ श्रीमद्भगवद्गीता साथ लेकर जाती हैं। यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और वैज्ञानिक उपलब्धियों का अनूठा समन्वय दर्शाता है। मंत्री महोदय ने उन वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट की, जिन्होंने इस अंतरिक्ष अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविंदर कल्याण ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया और आश्वासन दिया कि सुनीता विलियम्स और उनकी पूरी टीम को हरियाणा विधानसभा की शुभकामनाओं एवं बधाइयों से अवगत कराया जाएगा।

## नारनौंद में बाई-पास निर्माण के लिए 1825.43 लाख रुपये की स्वीकृति

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने बताया कि सरकार ने नारनौंद में बाई-पास निर्माण के लिए 1825.43 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। रणबीर गंगवा आज हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान नारनौंद के विधायक श्री जस्सी पेटवाड़ द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। श्री गंगवा ने बताया कि नारनौंद कस्बे के लिए 4.47 किलोमीटर लम्बाई का नया बाईपास बनाने का प्रस्ताव था, जिसे सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है । उन्होंने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि नारनौंद में बाई-पास निर्माण के लिए ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि क्रय का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है।

हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नारे के अनुसार "हर घर में नल और हर नल में स्वच्छ जल" के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। रणबीर गंगवा आज हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान कलायत के विधायक श्री विकास सहारण द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि शिमला, ढुंढवा, लाम्बा खेड़ी, खरक पांडवा, रामगढ़, कोलेखां, मटोर गांवों में नहर पर आधारित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। गांव मटोर की पेयजल आपूर्ति नहर पर आधारित है और गांव की वर्तमान जनसंख्या 10968 व्यक्ति है तथा जलापूर्ति की स्थिति 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन है। श्री गंगवा ने बताया कि इन जल घरों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बरवाला लिंक नहर से 2036.02 लाख रूपये की लागत से कार्य प्रगति पर है, जिसके अंतर्गत अब तक 980.69 लाख रूपये खर्च किए जा चुके हैं। मटोर, बड़सीकरी कलां, बड़सीकरी खुर्द, खेड़ी शेरखान, बालू, कमालपुर चौसाला, बात्ता और कैलरम गांवों को कवर करने के लिए मेन लाइन बिछाने के लिए प्राकलन प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि कलायत निर्वाचन क्षेत्र में राजौंद और कलायत दो कस्बे हैं और दोनों कस्बों को नहर आधारित जलघरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है तथा 62 गांवों में से 43 में नहर आधारित जलघरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। पेयजल आपूर्ति में सुधार के लिए 89 कार्य प्रगति पर हैं, जिन में 58 गांव शामिल हैं, जिनकी अनुमानित लागत 11025.71 लाख रुपये है, जिस पर अब तक कुल 5625.15 लाख रुपये खर्च किए जा चुके है।

## 561 डॉक्टरों का चयन: आरती सिंह राव

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में 561 डॉक्टरों का चयन किया था, उनको जल्द ही नियुक्ति देकर सर्वप्रथम राज्य के सभी सिविल अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा, इन सभी अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की कमी को पूरा किया जाएगा ताकि मरीजों को सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती एवं सुलभ तरीके से मिल सकें। स्वास्थ्य मंत्री आज विधानसभा सदन में सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रही थी। कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि सिविल अस्पताल चरखी दादरी में एक फिजिशियन नियुक्त है और एक सर्जन की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गई है।

# बेवल के प्रगतिशील किसान करण सिंह को प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में मिला प्रदेश स्तरीय सम्मान

### चो चरण सिंह कृषि विवि हिसार में आयोजित दो दिवसीय किसान मेले में की शिरकत

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-नारनौल मार्ग स्थित महेंद्रगढ जिले के गांव बेवल में किसान कर्ण सिंह ने रेतीले टीलों में प्राकृतिक खेती कर सफलता का झंडा बुलंद कर दिया है। जिसे लेकर कर्णसिंह को चोधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार में हाल ही में आयोजित दो दिवसीय किसान मेले में प्रदेश स्तरीय सम्मान से नवाजा गया है। समारोह के मुख्यातिथि विवि के वीसी डॉ बीआर कंबोज ने उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रशसति-पत्र व पटका प्रदान किया। केवीके महेंद्रगढ के कृषि विशेषज्ञ डॉ राजपाल सिंह ने बताया कि इस कृषि मेले में महेंद्रगढ जिले से दो किसान बेवल के करण सिंह व सुदंरह की संतोष देवी शामिल थी। जिन्हें विवि के शिक्षा विस्तार निदेशक डॉ बलवान सिंह मंडल, डॉ पाहुजा, संयुक्त निदेशक डॉ कृष्ण यादव की उपसथिति में सम्मानित किया गया।



करण सिंह ने करीब 4 वर्ष पूर्व प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लेकर कार्य शुरू किया था। जो लगातार बढता जा रहा है। करण सिंह का मानना है कि जलवायु के मुताबिक भारत देश में महेंद्रगढ जिले की भूमि नकदी फसल के लिए अति उत्तम है। जहां विभिन्न प्रकार की कैश-क्रॉप का उत्पादन कर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता हैं। इस किसान द्वारा चार एकड़ भूमि में पिछले दो वर्ष से प्राकृतिक खेती की जा रही है। उन्होंने बताया कि उनकी ओर से ढाई एकड़ भूमि में गाजर ,चकुंदर, मूली, धनिया, चना, मटर व गोभी की फसल लगाई है। डेढ़ एकड़ रक्बे में गेहू उगाया गया है। जिसकी अच्छी पैदावार की उम्मीद है। पिछले वर्ष उनकी ओर तरबूज लगाए गए थे जिसका उत्साहित करने वाला परिणाम सामने आया था। करीब ढाई लाख रुपये का मुनाफा हुआ था।

प्राकृतिक खेती के लिए अन्य किसानों के प्रेरणा स्रोत बने करण सिंह ने कहा कि उनकी ओर से क्वांटिटी की बजाय क्वालिटी पर फोकस किया जाता है। जिससे सब्जी का टेस्ट भी उत्तम व स्वास्थ्यवर्धक होता है। प्राकृतिक खेती में अच्छी पैदावार लेने तथा पेस्टीसाईड से बचने के लिए देशी विधि से गाय का गोबर,गोमूत्र, बेसन,गुड़ व नीम के पत्तो का घोल तैयार कर उसका स्प्रे किया जाता है। क्षेत्र में पानी की समस्या होने के चलते उनकी ओर से गेहू में टपका सिंचाई विधि अपनाई जा रही है। जिसमें एक एकड़ में खपत होने वाले पानी का छह एकड़ भूमि पर प्रयोग हो जाता है। गेहू में फुटाव भी खूब हुआ है। देशी विधि से की गई खेती से पैदावार भी बेहतर होने की उम्मीद है। उनकी ओर से प्राकृतिक खेती आधुनिक तरीके से की जा रही है। जिनमें किसी प्रकार का रासायनिक खाद व पेस्टीसाईड का उपयोग नहीं किया जाता है। क्षेत्र से अन्य किसान भी प्राकृतिक खेती का अवलोकन करने के लिए उनके पास पंहुच रहे हैं। इस मौके पर किसान महावीर सिंह, शमशेर सिंह, मुकेश कुमार, गूगन सिंह उपसथित थे।

# रोजका मेव ग्राम पंचायत में 25 करोड़ रुपए का घोटाला करने वाले पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद को किया गिरफ्तारी

**सरपंच को 2 दिन का मिला पुलिस रिमांड**

**तत्कालीन डीसी ने गबन के आरोप में पूर्व सरपंच पर कराई थी प्राथमिकी दर्ज**

**राष्ट्रपति के द्वारा गांव गोद लेने पर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि दीन मोहम्मद ने किया था घोटाला**

**बहुचर्चित ग्राम पंचायत घोटाला में आखिरकार धोना की हो ही गई गिरफ्तारी**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले की ग्राम पंचायत रोजका मेव में 25 करोड़ रुपए के घोटाला करने के आरोपी पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद उर्फ धोना की गिरफ्तारी कर ली गई है। जिसे बुधवार को जिला कोर्ट में पेश किया गया। नारनौल पुलिस ने पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद को नूंह कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने पूर्व सरपंच को 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। नारनौल पुलिस ने पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद को तावडू क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिसे बुधवार को कोर्ट में पेश कर दो दिन की डिमांड पर ले लिया है, अब देखना यह है कि पुलिस 2 दिन की रिमांड पर पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद से क्या राज उगलवा पाती है, दो दिन बाद ही इसका पता चल पाएगा।

गौरतलब है कि नूंह के तत्कालीन जिला उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों, बैंक अधिकारियों, जिला राजस्व अधिकारी व रोजकामेव के पूर्व महिला सरपंच खातुनी और सरपंच प्रतिनिधि दीन मोहम्मद पर धोखाधड़ी, गबन सहित अन्य धाराओं के तहत पुलिस कार्रवाई करने के आदेश दिए थे तथा तत्कालीन सरपंच दीन मोहम्मद को निलंबित भी कर दिया था। कई महीना बीत जाने के बाद आखिरकार पुलिस ने पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद की गिरफ्तारी कर ही ली। अब देखना यह है कि 25 करोड़ के घोटाले के अलावा पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद के द्वारा 35 करोड रुपए के रिकॉर्ड के बारे में भी जांच होनी अभी बाकि है। रोजका मेव ग्राम पंचायत की सरपंच नाहिदा ने बताया कि अभी पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद के द्वारा 35 करोड रुपए का रिकॉर्ड नहीं दिया गया है तथा पंचायत के 20 खाते खुलवाए गए थे। इन सभी खातों को छुपा कर रखा गया तथा इन्हीं खातों के द्वारा 35 करोड रुपए का फर्जीवाड़ा भी किया गया।

करोड़ों रुपए गबन मामले के शिकायतकर्ता हाजी अर्जुन ने कहा कि राष्ट्रपति द्वारा गांव रोजका मेव को गोद लिया गया था। उसी समय पूर्व सरपंच के द्वारा करीब 55 करोड़ रुपए का घोटाला किया गया था। घोटाला उजागर होने के बाद सरपंच को पद से निलंबित कर दिया गया था तथा सरपंच के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था। अब कई महीना बीत जाने के बाद करोड़ों के घोटाला करने वाले पूर्व सरपंच प्रतिनिधि दीन मोहम्मद की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तारी के बाद अभी 35 करोड रुपए का रिकॉर्ड घोटाला भी बकाया बताया जा रहा है। अब देखना यह है कि ग्राम पंचायत रिकॉर्ड घोटाला में क्या कुछ निकाल कर आता है। इस मामले में कई आरोपियों की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। दीन मोहमद उर्फ धोना अपने रसूखों की वजह से कई साल से बचता आ रहा था, लेकिन अब ईद शायद जेल में मनेगी।

## कांग्रेस कार्यकाल में हरियाणा पुलिस में इंस्पेक्टर भर्ती को लेकर उच्च न्यायालय के फैसले के सम्बन्ध में महाविधवक्ता की राय लेगी सरकार: मुख्यमंत्री

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कांग्रेस कार्यकाल में हरियाणा पुलिस में इंस्पैक्टरों के 20 पदों की भर्ती को लेकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले के सम्बन्ध में महाविधवक्ता की राय ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोर्ट के निर्णय की अनुपालना में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग मामले की जांच किसी स्पैसलाइजड एजेंसी से करवा सकता है तो सरकार उन्हें तुरंत सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में इस भर्ती प्रक्रिया पर उठाए गए मुद्दे पर सदन में बोल रहे थे। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि वर्ष 2011 में एक व्यक्ति ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाए कि वर्ष 2008 में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने हरियाणा पुलिस में इंस्पैक्टरों के 20 पदों के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू करके जो रिजल्ट निकाला था उस प्रक्रिया में कई धांधलियां हुई। लिखित परीक्षा में अव्वल आने के बावजूद इंटरव्यू में कम नंबर दिए गए। याचिकाकर्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि दो चयनित उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षा स्वयं नहीं दी थी।

# कनीना आनाज मंडी में रबि फसल खरीद के लिए तैयार, सरसों की आवक का इंतजार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है किंतु कनीना मंडी में बुधवार तक सरसों की आवक शुरू नहीं हुई है। कहने का मतलब रबि फसल खरीद के लिए मंडी तैयार है, सरसों आवक का इंतजार है। कनीना क्षेत्र में सरसों की कटाई का कार्य पूर्णरूप से शुरू हासे चुका है। प्रवासी मजदूर दिनरात एक कर फसल कटाई कार्य में जुटे हुए हैं। सरसों का भंडारण नहीं होने से मंडी तक नहीं पंहुच सकी है। अगले सप्ताह मंडी में सरसों पंहुचने की उम्मीद है। हांलाकि खरीद के लिए उपमंडल प्रशासन व खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाफस एवं मार्केट कमेटी की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि कनीना मंडी में सरसों की खरीद के लिए मंडी में बिजली, पेयजल शौचलय व साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की गई है। सरसों बेचते समय किसानों को किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सरकार की ओर से सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। फसल बेचने के अधिकतम 72 घंटे के अंतराल में फसल की राशि किसानों के बैंक खाते में डाल दी जाएगी। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि जिन किसानों ने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सरसों का पंजीकरण करवाया है। वे एक दिन में 25 किवंटल सरसों मंडी में बेच सकते हैं। किसान मंडी में आने से पूर्व फसल को अच्छी तरह से सुखाकर और साफ-सुथरी कर लाएं। किसानों की सुविधा के लिए मंडी पर दो धर्मकाटें संचालित किए गए हैं।

## 14 लाख की धोखाधडी करने के आरोपी के विरूध पुलिस ने किया केस दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव रामबास निवासी पशुपालन विभाग के बतौर वीएलडीए नौकरी करने वाले एक व्यक्ति पर करीब 14 लाख रूपये हडपने के आरोप में कनीना सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में रामबास निवासी कप्तान विजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके गांव का ही व्यक्ति सतेंद्र कुमार जो पशुपालन विभाग विभाग में वीएलडी पद पर कार्यरत है, हाल-चाल जानने के लिए उनके घर पर आने-जाने लगा। एक दिन सतेंद्र कुमार ने विजय कुमार से रेवाडी में फ्लैट लेने ओर बैंक लोन के लिए रूपये देने को कहा। विजय कुमार ने सतेंद्र पर विश्वास करते हुए फसल बेची हुई रकम में से 24 अप्रैल 2024 से लेकर 5 मई 2024 तक 4 इंस्टॉलमेंट में 13.75 लाख रूपये दे दिए। ये रकम उन्होंने 3 माह में वापिस लौटाने की बात कही थी। समयावधि पूरी होने के बाद रूपये वापिस मागें तो गाली देकर धमकी देने लगा। पुलिस ने रूपये लेने के आरोपी सतेंद्र कुमार के खिलाफ धोखाधडी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## रॉ मैटीरियल के रूपये ने देने पर पुलिस ने कम्पनी सचालक के विरूध किया केस दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में महेंद्रगढ रोड सथित एक बायोफ्यूल कम्पनी के संचालक के खिलाफ रॉ-मैटीरियल के पैसे न देने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में निरंजन, आनंद व कृष्ण कुमार आदि ने पुलिस अधीक्षक नारनौल को दी शिकायत में कहा कि निरपति बायो फ्यूल कम्पनी के संचालक राकेश कुमार वासी भोतवास भोंदू, जिला रेवाडी ने उनसे वर्ष 2023 में सरसों की भूसी खरीदी थी। जिसके पैसे नहीं दिए गए। निरंजन व दिनेश कनीना, आनंद ककराला, कृष्ण बव्वा, तेजपाल सुरजनवास, मनोज उन्हाणी, सुमेर झिगावन सरसों की भूसी का व्यवसाय करते हैं। उन्होंने बायोफ्यूल कंपनी के संचालक राकेश कुमार के कहने पर लाखों रूपये की भूसी डाली थी। रकम नहीं दिए जाने से परेशान व्यक्तियों ने शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।


# ध्यानार्थ:

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।



**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट**
**संपर्क करें: 9811153271**







| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| डर्मा | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

**संक्षिप्त समाचार**

## क्या बीएलए से डर गई पाकिस्तानी आर्मी? एक सप्ताह में 2500 ने छोड़ी नौकरी



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** हाल के दिनों में पाकिस्तान में सेना और सुरक्षा बल लगातार हमलों का निशाना बने हुए हैं। पाकिस्तानी सेना पर, विशेषकर बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भीषण हमले हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में मौतें हुई हैं। विद्रोही समूह बीएलए द्वारा किए जा रहे इन हमलों के बीच यह बात सामने आई है कि बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सैनिक सेना की सेवा छोड़ रहे हैं। काबुल फ्रंटलाइन ने विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से यह दावा किया है। काबुल फ्रंटलाइन ने रविवार को बताया कि महज एक सप्ताह में करीब 2,500 सैनिक सेना छोड़ चुके हैं। पाकिस्तानी सेना में बढ़ती असुरक्षा, सैनिकों की लगातार हो रही मौतें और पाकिस्तान की बिगड़ती आर्थिक स्थिति को सैनिकों के नौकरी छोड़ने के पीछे मुख्य कारण बताया जा रहा है। पाकिस्तानी सेना छोड़ने वाले अधिकांश सैनिक देश से बाहर सऊदी अरब, कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात में काम करने चले गए हैं। वे अपनी जान जोखिम में डालने के बजाय विदेश जाकर आर्थिक सुरक्षा चुन रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तानी सेना के अंदर स्थिति बहुत खराब है। ऐसी स्थिति में सैनिक लगातार हिंसा और असुरक्षा के बीच लड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। पाकिस्तान में बिगड़ते सुरक्षा हालात के कारण सैनिकों का मनोबल टूट रहा है। हालांकि, बड़ी संख्या में सैनिकों का पलायन सेना की ताकत पर भी सवाल उठाता है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब हम सुरक्षा के मुद्दे पर गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इससे भविष्य में पाकिस्तानी सेना की कार्यकुशलता प्रभावित हो सकती है। हाल ही में पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक ट्रेन का अपहरण कर लिया गया और उसमें सवार सैनिकों को निशाना बनाया गया। इसके बाद नोश्की में सैन्य काफिले पर भीषण हमला किया गया। दोनों हमलों में बड़ी संख्या में सैनिक मारे गए हैं। ऐसे में सैनिक अपनी जान जोखिम में डालने के बजाय खाड़ी देशों में काम करके जीविकोपार्जन का विकल्प चुन रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तानी मीडिया या पाकिस्तानी सेना ने सैनिकों के नौकरी छोड़ने के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है।

## पीएम मोदी की सकारात्मक टिप्पणियों से चीन खुश, कहा – करते हैं समर्थन

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन ने सोमवार को कहा कि वह बीजिंग–नई दिल्ली संबंधों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया सकारात्मक टिप्पणियों की सराहना करता है. अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में, प्रधानमंत्री मोदी ने उन प्रयासों पर जोर दिया जो यह सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे हैं कि दोनों देशों के बीच मतभेद संघर्ष में न बदल जाएं. प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक स्थिरता और समृद्धि के लिए भारत और चीन के बीच सहयोग जरूरी है. उन्होंने संघर्ष के बजाय स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की वकालत की. पीएम मोदी ने कहा, एक स्थिर और सहयोगात्मक संबंध बनाने के लिए संवाद महत्वपूर्ण है, जिससे दोनों देशों को लाभ हो. चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में नियमित मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, हम चीन–भारत संबंधों पर प्रधानमंत्री मोदी की हाल की सकारात्मक टिप्पणियों की सराहना करते हैं. पिछले अक्टूबर में, राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कजान में सफलतापूर्वक मुलाकात की और चीन–भारत संबंधों को सुधारने के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया. निंग ने कहा, दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नेताओं की साझा सहमति को ईमानदारी से लागू किया है, सभी स्तरों पर आदान–प्रदान और व्यावहारिक सहयोग को मजबूत किया है और कई सकारात्मक परिणाम हासिल किए हैं. प्रवक्ता ने कहा, दोनों देशों को एक–दूसरे को समझना चाहिए, समर्थन करना चाहिए. यह दोनों देशों के 2.8 बिलियन से अधिक लोगों के मौलिक हितों के अनुरूप है, क्षेत्रीय देशों की साझा अपेक्षाओं के अनुरूप है, वैश्विक दक्षिण के उत्कृष्ट विकास की ऐतिहासिक प्रवृत्ति के अनुरूप है, और विश्व शांति, स्थिरता, विकास और समृद्धि के लिए अनुकूल है।

## हैती में बढ़ती गैंग हिंसा के कारण डॉक्टरों को अस्पताल से निकालना पड़ा

**पोर्ट–ऑ–प्रिंस, एजेंसी।** डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने सोमवार को बताया कि हैती की राजधानी पोर्ट–ऑ–प्रिंस में गैंग हिंसा बढ़ने के कारण उनके कर्मचारियों को एक अस्पताल से निकालना पड़ा। इस दौरान उनके चार वाहनों पर गोलीबारी की गई। सहायता संगठन ने कहा कि इस घटना के कारण शनिवार को टर्गेउ आपातकालीन केंद्र में सेवाएं रोकनी पड़ीं। मामले में संगठन ने कहा कि इसके काफिले पर अधिकारियों के साथ समन्वय के बावजूद बार–बार और जानबूझकर गोलीबारी की गई। हालांकि, मिशन प्रमुख बेनोइट वासेउर ने बताया कि इस घटना में कोई मौत नहीं हुई, लेकिन कर्मचारियों को मामूली चोटें आईं। उन्होंने कहा कि अब अस्पताल में संचालन जारी रखना संभव नहीं है, लेकिन जैसे ही स्थिति सामान्य होगी।

# सीजफायर के बीच गाजा में इजराइली हमले फिर शुरू : एयरस्ट्राइक में 232 की मौत





**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल ने गाजा में फिर से हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेस के मुताबिक वायुसेना ने गाजा में हमास के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक इन हमलों में अब तक 232 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 300 से ज्यादा घायल हैं। 19 जनवरी को इजराइल-हमास में शुरू हुए सीजफायर के बाद इजराइल का गाजा में यह सबसे बड़ा हमला है। इजराइली सेना का कहना है कि वह हमले की योजना बना रहे आतंकवादियों को निशाना बना रही थी। इजराइल ने पिछले दो हफ्तों से गाजा में भोजन, दवाइयों, ईंधन और अन्य सप्लाई को रोक दिया है और मांग की है कि हमास संघर्ष विराम समझौते में बदलाव स्वीकार करे।

**इजराइली रक्षामंत्री बोले– गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे :** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। वहीं, इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी है कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे। हमास ने इजराइली हवाई हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया है। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों की जान खतरे में आ गई है। हमास ने कहा कि इजराइल ने बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं।

**सीजफायर के पहले फेज में 33 इजराइली बंधक रिहा हुए :** सीजफायर का पहला फेज 1 मार्च को खत्म हो गया है। पहले फेज में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजराइल 2 हजार से फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजराइल और हमास में बीच सीजफायर के दूसरे फेज पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है। इस फेज में लगभग 60 बंधकों को रिहा किया जाना था। साथ ही जंग को पूरी तरह से खत्म करने पर बात होनी थी। हमास के पास अभी 24 जिंदा बंधक और 35 के शव हैं।

**हमास ने की हमलों की आलोचना :** हमास के एक अधिकारी ताहिर नुनू ने इजरायली हमलों की आलोचना की. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को नैतिक परीक्षण का सामना करना पड़ रहा है. या तो वह कब्जे वाली सेना द्वारा किए गए अपराधों की वापसी की अनुमति दे या फिर गाजा में निर्दोष लोगों के खिलाफ आक्रामकता और युद्ध को समाप्त करने की प्रतिबद्धता लागू करे. लेकिन दो सप्ताह पहले युद्ध विराम का पहला चरण समाप्त होने के बाद से, दोनों पक्ष दूसरे चरण के लिए आगे बढ़ने के तरीके पर सहमत नहीं हो पाए हैं, जिसका उद्देश्य लगभग 60 शेष बंधकों को रिहा करना और युद्ध को पूरी तरह से समाप्त करना है. नेतन्याहू ने बार-बार युद्ध को फिर से शुरू करने की धमकी दी है, और इस महीने की शुरुआत में हमास पर दबाव बनाने के लिए घेरे हुए क्षेत्र में सभी खाद्य और सहायता डिलीवरी को रोक दिया. बता दें, इस युद्ध की शुरुआत हमास के 7 अक्टूबर, 2023 को सीमा पार हमले से हुई, जिसमें करीब 1,200 लोग मारे गए और 250 अन्य बंधक बनाए गए. स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायल ने सैन्य हमले के साथ जवाब दिया।

### न्यूयॉर्क में अनु, अंजुला, वेंडी व सीमा मोदी को सम्मान; महिला सशक्तिकरण को मिला नया मुकाम

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** सम्मानित महिलाओं में से अनु आयंगर, जो 'जे.पी. मॉर्गन' में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख हैं, उन्हें उनके पेशेवर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अंजुला अचारिया, जो 'ए-सीरीज मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट्स' की सीईओ और संस्थापक हैं, को भी उनके काम के लिए सराहा गया। अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास और 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया। इन महिलाओं को उनके विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बता दें कि समारोह में सम्मानित होने वाली महिलाओं में अनु आयंगर, अंजुला अचारिया, वेंडी डायमंड और सीमा मोदी शामिल थीं। इन महिलाओं ने सामाजिक, आर्थिक, वित्तीय और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और दोनों देशों में महिलाओं के विकास को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की गई है। सम्मानित महिलाओं में से अनु आयंगर, जो 'जे.पी. मॉर्गन' में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख हैं, उन्हें उनके पेशेवर योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## भगोड़े जाकिर नाइक ने पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ से की मुलाकात



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भगोड़े इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक ने पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ और उनकी बेटी और पंजाब की मुख्यमंत्री मरयम नवाज से रायविंड स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात में विभिन्न मुद्दों पर बात हुई। हालांकि आधिकारिक तौर पर बैठक को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने भी पिछले हफ्ते जाकिर नाइक से मुलाकात की। हालांकि उनकी इस मुलाकात पर सोशल मीडिया यूजर्स भड़क गए हैं। मोहम्मद हफीज ने जाकिर नाइक के साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की और लिखा कि जाकिर नाइक के साथ सुखद मुलाकात। सोशल मीडिया यूजर्स मोहम्मद हफीज की इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और लोगों ने हफीज के जाकिर नाइक से मिलने पर सवाल उठाए। एक यूजर ने लिखा कि यही वजह है कि भारतीय क्रिकेट टीम और भारत सरकार पाकिस्तान नहीं आना चाहती। एक अन्य यूजर ने लिखा कि और ये कहते हैं कि भारत, पाकिस्तान में नहीं खेलता।

**भारतीय टीम के पाकिस्तान में नहीं खेलने के फैसले का यूजर्स ने किया समर्थन :** आलोचना करने वाले अधिकतर यूजर भारतीय हैं। गौरतलब है कि जाकिर नाइक भारत में वांछित है और उस पर धन शोधन और कट्टरपंथ को बढ़ावा देने का आरोप है। जाकिर नाइक के पाकिस्तान दौरे से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के पाकिस्तान में नहीं खेलने का मामला फिर से गरमा गया है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने बाइडन परिवार के वयस्क बच्चों के लिए सीक्रेट सर्विस सुरक्षा समाप्त की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व डेमोक्रेट राष्ट्रपति जो बाइडन के वयस्क बच्चों को दी गई



सीक्रेट सर्विस सुरक्षा तत्काल समाप्त कर दिया है। ट्रंप ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पूर्व राष्ट्रपति ने जनवरी में पद छोड़ने से ठीक पहले अपने बच्चों के लिए सीक्रेट सर्विस सुरक्षा को जुलाई तक बढ़ा दिया था। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर आपत्ति जताई कि इस हफ्ते दक्षिण अफ्रीका में रहने के दौरान हंटर बाइडन की सुरक्षा के लिए 18 एजेंट तैनात किए गए थे। उन्होंने कहा कि एशले बिडेन की सुरक्षा के लिए 13 एजेंट तैनात किए गए हैं और उन्हें भी सुरक्षा प्राप्त लोगों की सूची से हटा दिया जाएगा। पूर्व राष्ट्रपतियों और उनके जीवनसाथियों को संघीय कानून के तहत आजीवन सीक्रेट सर्विस सुरक्षा प्राप्त होती है, लेकिन 16 वर्ष से अधिक आयु के उनके निकटतम परिवारजनों को दी जाने वाली सुरक्षा उनके पद छोड़ने के बाद समाप्त हो जाती है, हालांकि ट्रम्प और बाइडन दोनों ने पद छोड़ने से पहले अपने बच्चों के लिए यह सुरक्षा छह महीने के लिए बढ़ा दी थी।

# गिरफ्तार भारतीय मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए बातचीत पर श्रीलंकाई मंत्री ने चुप्पी साधी

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्री रामलिंगम चंद्रशेखर ने भारतीय मछुआरों को द्वीप राष्ट्र के सुरक्षा बलों द्वारा गिरफ्तार किए जाने और मछुआरों की रिहाई से संबंधित बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सतर्कता बरती. इस संबंध में चंद्रशेखर ने शनिवार को कच्चातीवु द्वीप में दो दिवसीय वार्षिक सेंट एंथोनी चर्च उत्सव के मौके पर ईटीवी भारत से बात की. श्रीलंका के मंत्री से पूछा कि क्या उनकी सरकार ने तमिलनाडु के मछुआरों की हालिया गिरफ्तारी के संबंध में भारत सरकार के साथ कोई बातचीत की है? श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्री ने कहा कि दोनों सरकारें सामान्य रूप से एक-दूसरे से बात कर रही हैं और बातचीत तमिलनाडु (मछुआरों) की (ताजा गिरफ्तारी) तक सीमित नहीं है.

**संयुक्त गश्त का कोई प्रस्ताव नहीं :** मंत्री ने यह भी खुलासा किया कि भारत और श्रीलंका की नौसेनाओं द्वारा संयुक्त गश्त का कोई प्रस्ताव नहीं है. अभी तक भारत-लंका के बीच ऐसी कोई संयुक्त गश्त वार्ता नहीं हुई है. हालांकि, अगर इससे समस्या का समाधान होता है तो हम इस तरह के उपाय के लिए तैयार हैं.

**बॉटम ट्रॉलिंग मैथड के इस्तेमाल पर आपत्ती :** मंत्री ने मछली पकड़ने की बॉटम ट्रॉलिंग मैथड के इस्तेमाल पर भी कुछ आपत्तियां जताईं. उन्होंने इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की वकालत भी की. गौरतलब है कि कच्चातीवु में सेंट एंथनी चर्च उत्सव में भारत और



श्रीलंका दोनों देशों के श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. इसकी शुरुआत शुक्रवार 14 मार्च को ध्वजारोहण के साथ हुई. इसके बाद क्रॉस के स्टेशन और थिरुथर भवानी (चर्च कार) सहित विशेष सामूहिक प्रार्थना और कार्यक्रम हुए.

इस उत्सव में भारत और श्रीलंका से 8,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. इसके लिए कल रामेश्वरम समेत विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु नावों में सवार होकर गए. श्रद्धालुओं ने शनिवार 1 मार्च को आयोजित पवित्र सामूहिक प्रार्थना में हिस्सा लिया. ध्वजारोहण के साथ उत्सव का समापन हुआ. बता दें कि विदेश मंत्रालय द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के अनुसार 2020 से 2024 के बीच श्रीलंकाई अधिकारियों ने कुल 1194 तमिलनाडु के मछुआरों को गिरफ्तार किया है. इनमें से 2020 में 74 और 2021 में 143 गिरफ्तार किए गए. अगले साल यह संख्या बढ़कर 229 हो गई और 2023 में भी इसी आंकड़े के आसपास रही. पिछले साल यह संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई, जब 528 गिरफ्तार किए गए. इसी अवधि में श्रीलंकाई जल में हुई घटनाओं में तमिलनाडु के सात मछुआरों की जान चली गई, जिनमें से पांच की मौत 2021 में और दो अन्य की पिछले साल हुई. मंत्रालय ने संसद को इस बारे में तब सूचित किया जब इस संबंध में एक सवाल राज्यसभा में एआईएडीएमके सांसद सी वीई षणमुगम द्वारा उठाया गया था. तीन हफ्ते पहले श्रीलंकाई अधिकारियों ने देश के जलक्षेत्र में घुसने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था।

## 20 वर्षीय भारतवंशी छात्रा का 12 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं, समुद्र तट से हुई थी लापता

**पुंटा काना, एजेंसी।** बाल्कन देश डोमिनिकन गणराज्य में भारतीय मूल की अमेरिकी छात्रा के लापता होने का मामला सुर्खियों में है। अमेरिका के पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा सुदीक्षा कोनांकी (20) को आखिरी बार पुंटा काना शहर के रिउ रिपब्लिक रिसॉर्ट में देखा गया था। 12 दिन पहले रिसॉर्ट में दिखी छात्रा के लापता होने के मामले में जांच कर रहे अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि कहीं वह डूब तो नहीं गई। तलाशी अभियान में तेजी आने के बाद सोमवार को (डोमिनिका टाइम) अधिकारियों ने रिजॉर्ट के आसपास पूछताछ की। अधिकारी सुदीक्षा को आखिरी बार देखने वाले व्यक्ति को लेकर उस समुद्र तट पर ले जाया गया जहां उसने छात्रा को आखिरी बार देखा था।

**रीबे पुलिस ने दी जानकारी :** खबरों के मुताबिक अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के छात्र जोशुआ रीबे ने सुदीक्षा को आखिरी बार देखा था। रीबे ने पुलिस को बताया कि वह समुद्र तट पर कोनांकी के साथ शराब पी रहा था इसी दौरान समुद्र में तेज लहरें उठीं और दोनों पानी में चले गए। रीबे के मुताबिक वह एक लाइफगार्ड रह चुके हैं, वे दीक्षा को किनारे तक लाने में सफल रहे। समुद्र तट पर दीक्षा को उल्टी हुई। रीबे ने बताया कि थोड़ी देर बाद दीक्षा ने उनसे कहा कि वह अपना सामान लाने जा रही है, जब उसने रिसॉर्ट की तरफ नजर दौड़ाई तो दीक्षा का कहीं पता नहीं चला। बाद में गायब होने की खबरें सामने आने पर उसे काफी हैरानी हुई।

**बड़े पैमाने पर खोज अभियान चलाया जा रहा :** लॉडोन काउंटी शेरिफ ऑफिस (एलसीएसओ) के मुताबिक, जांच के तहत बड़े पैमाने पर खोज अभियान चलाया जा रहा है। उन सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है, जिन्होंने लापता होने से पहले कोनांकी को देखा था या उनके साथ समय बिताया था। शेरिफ ऑफिस ने इंटरपोल के माध्यम से 'येलो नोटिस' (लापता व्यक्ति के लिए वैश्विक पुलिस अलर्ट) जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**परिवार के बयान से मामला बना और संदिग्ध :** छात्रा के बारे में होटल से पूछताछ करने पर होटल के स्टाफों ने बताया कि यह घटना बिजली की कटौती के दौरान हुई, जिसके कारण कई मेहमान समुद्र तट की ओर चले गए थे। कोनांकी के परिवार ने बताया कि उसने अपना फोन और बटुआ दोस्तों के पास छोड़ दिया था, जबकि वह हमेशा अपना फोन अपने पास रखती थीं। परिवार के इस बयान ने मामले को और संदिग्ध बना दिया है।

**कोनांकी के समुद्र में डूबने की आशंका :** जांच में शामिल तीन डोमिनिकन अधिकारियों ने बताया कि कोनांकी के समुद्र में डूबने की आशंका है। एलसीएसओ ने कहा कि उन्हें कोनांकी की सुरक्षित वापसी की उम्मीद है और वे इस जांच और उनके परिवार को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मामले में लॉडोन काउंटी शेरिफ ऑफिस अमेरिकी विदेश विभाग, एफबीआई, ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीइए), होमलैंड सिक्योरिटी इंवेस्टिगेशन (एचएसआई) और यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग पुलिस के साथ मिलकर डोमिनिकन राष्ट्रीय पुलिस की जांच में सहयोग कर रहा है।

## ट्रंप ने मिशेल बोमन को फेडरल रिजर्व का शीर्ष नियामक नामित किया, अब चाहिए होगी सीनेट की मंजूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को फेडरल रिजर्व के वित्तीय नियामक कार्यों की देखरेख के लिए मिशेल बोमन को नामित किया है। इस कदम से बड़े बैंकों के लिए नियम ढीले होने की संभावना बढ़ी है। बोमन को 2018 में ट्रंप ने फेड के गवर्निंग बोर्ड में सेवा देने के लिए नियुक्त किया था। वह माइकल बार की जगह फेड के पर्यवेक्षण विभाग के उपाध्यक्ष के रूप में काम करेंगी। पिछले महीने बार ने कानूनी लड़ाई से बचने के लिए पद छोड़ दिया था। ट्रंप की ओर से नौकरी से निकालने की धमकी दी गई थी। हालांकि, बार सात सदस्यीय फेड बोर्ड में बने रहे, जिससे ट्रंप को मौजूदा गवर्नर में से किसी एक को उपाध्यक्ष चुनने के लिए मजबूर होना पड़ा। बोमन नामांकन का बैंकिंग उद्योग के लॉबिंग समूहों ने स्वागत किया है। जिनमें अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन और इंडिपेंडेंट कम्युनिटी बैंकर्स ऑफ अमेरिका शामिल थे। उपाध्यक्ष के रूप में, बोमन सबसे शक्तिशाली संघीय बैंक नियामक होंगे और बैंक नियमों में सुधार के लिए फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन और करेंसी नियंत्रक कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। इस पद के लिए सीनेट की मंजूरी की आवश्यकता है, हालांकि विश्लेषकों का मानना है कि उन्हें आसानी से मंजूरी मिल जाएगी। बोमन ने जेपी मॉर्गन चेस और बैंक ऑफ अमेरिका जैसे बड़े बैंकों पर नियमों को कड़ा करने के लिए बर के 2023 के प्रस्ताव के



खिलाफ मतदान किया। उनका तर्क था कि विशेष रूप से संभावित घाटे की भरपाई के लिए अधिक पूंजी आरक्षित रखने की आवश्यकता थी। प्रस्तावित नियम का वित्तीय क्षेत्र में भारी विरोध देखा गया। कुछ गैर-लाभकारी संगठनों ने भी चिंता व्यक्त की कि इससे बंधक ऋण की मात्रा सीमित हो सकती है। फेड में शामिल होने से पहले, बोमन 2017-2018 में कैनस में स्टेट बैंक कमिश्नर थीं। उससे पहले एक स्थानीय बैंक में भी उन्होंने उपाध्यक्ष के रूप में सेवा दी थी। उन्होंने वाशिंगटन में एक कैनसस रिपब्लिकन सीनेटर बॉब डोल और संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी व होमलैंड सुरक्षा विभाग के लिए भी काम किया है।

# अमेरिका से राजदूत को निकाले जाने पर बोले राष्ट्रपति रामफोसा, यह कार्रवाई संबंधों में बाधा

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** अमेरिका द्वारा दक्षिण अफ्रीका के राजदूत इब्राहिम रसूल को निष्कासित करने से दोनों देशों के संबंधों में एक नई खटास की आशंका देखने को मिल सकती है। जहां अमेरिका के इस फैसले पर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में दक्षिण अफ्रीका के राजदूत इब्राहिम रसूल को निष्कासित करना दोनों देशों के संबंधों में एक छोटी सी बाधा है।

बता दें कि अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा का यह बयान तब आया जब इस मुद्दे पर विवाद बढ़ गया था। जहां वे पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। देखा जाए तो यह पहली बार था जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर रसूल को अवांछित व्यक्ति घोषित किया था।

**राष्ट्रपति रामफोसा ने व्यक्त की आशा :** राष्ट्रपति रामफोसा ने मामले में आशा व्यक्त की कि यह मुद्दा सौहार्दपूर्ण तरीके से हल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक छोटी सी अड़चन है, जिसे सुधारने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका के साथ दक्षिण अफ्रीका के रिश्ते महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि अमेरिका दक्षिण अफ्रीका का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

**अमेरिका ने रसूल के निष्कासन का भेजा नोट :** साथ ही रामफोसा ने यह भी कहा कि अमेरिका ने रसूल के निष्कासन को लेकर एक राजनयिक नोट भेजा है और उन्होंने पूरी



रिपोर्ट का इंतजार किया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दोनों देशों के बीच व्यापार और अन्य मामलों में संबंधों को सुधारने की दिशा में काम किया जाएगा। रामफोसा ने इस विवाद को एक छोटा सा अड़चन बताया, जिसे जल्द ही हल किया जाएगा, और दोनों देशों के रिश्ते मजबूत बनाए जाएंगे। गौरतलब है कि यह घटनाक्रम उस वक्त हुआ जब रसूल ने एक दक्षिण अफ्रीकी एनजीओ द्वारा आयोजित चर्चा में भाग लिया। इस चर्चा में रसूल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेक अमेरिका ग्रेट अगेन अभियान को वर्चस्ववाद पर आधारित बताया। इस पर रुबियो इतने नाराज हुए कि उन्होंने बिना किसी औपचारिक राजनयिक प्रक्रिया के ही रसूल को अमेरिका से वापस भेजने का आदेश दे दिया। रुबियो ने उन्हें जातिवादी और अमेरिकी राष्ट्रपति से नफरत करने वाला बताया। अमेरिकी विदेश विभाग ने दी जानकारी दक्षिण अफ्रीका के राजदूत इब्राहिम रसूल को पिछले सप्ताह अमेरिकी विदेश विभाग ने अवांछित व्यक्ति घोषित किया। इसके बाद सोमवार को विभाग ने रसूल को शुक्रवार तक अमेरिका छोड़ने का आदेश दिया। विदेश विभाग ने मामले में बताया कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ये फैसला किया है कि अब रसूल अमेरिका में अपने देश का प्रतिनिधि नहीं कर सकते हैं। बता दें कि रुबियो ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक पोस्ट कर ये जानकारी दी, जिसके बाद दक्षिणी अफ्रीकी दूतावास को इस बारे में औपचारिक सूचना दी गई।

# 733.04 करोड़ रुपये का मिला ऑर्डर.....राकेट बना पावर जेनरेशन कंपनी का शेयर

**मुंबई।**

पावर जेनरेशन सेक्टर की कंपनी इंसोलेशन एनर्जी के शेयर में बुधवार को बाजार खुलते ही जोरदार उछाल दिखाई दिया। शुरुआती कारोबार में यह पावर स्टॉक करीब 8 फीसदी तक बढ़ा। दरअसल, इंसोलेशन एनर्जी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी इनसोलेशन ग्रीन एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड को सोलर पीवी मॉड्यूल की सप्लाई के लिए 733.04 करोड़ रुपये का सबसे बड़ा सिंगल बिक्री ऑर्डर मिला है।

पावर जेनरेशन कंपनी को दमदार ऑर्डर की खबर का असर स्टॉक पर दिखाई दिया। बुधवार को शेयर में 1 फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 260 रुपये पर कारोबार शुरू हुआ। मंगलवार को शेयर 256.50 पर बंद हुआ था। थोड़ी ही देर में स्टॉक करीब 7.9 फीसदी की जोरदार उछाल के साथ 276.95 रुपये के इंट्राडे हाई पर पहुंच गया। बीते सालभर में स्टॉक का रिटर्न करीब 100 फीसदी रहा है। जबकि दो साल में 2150 फीसदी का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। यह शेयर मार्केट रेगुलेटर सेबी और एक्सचेंज के अतिरिक्त निगरानी उपाय स्टेज 1 में है। स्टॉक में काफी उतार-चढ़ाव भी देखने को मिला यह अपने 52 हफ्ते के हाई (475) से करीब 46 फीसदी गिरावट पर कारोबार कर रहा है।

इंसोलेशन एनर्जी ने बताया कि उसकी सहायक कंपनी इंसोलेशन ग्रीन एनर्जी को सोलर पीवी मॉड्यूल की सप्लाई के लिए 733.04 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे बड़ा सिंगल बिक्री ऑर्डर मिला है।

जानकारी के मुताबिक, केपीआई ग्रीन एनर्जी ने इंसोलेशन ग्रीन एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड में जीयूवीएनएल में उनकी प्रोजेक्ट के लिए सोलर पीवी मॉड्यूल एन टाइप बीआई फेशियल (जी टू जी) की सप्लाई के लिए जीएसटी सहित कुल 513.13 करोड़ रुपये का खरीद ऑर्डर (पीओ) दिया है। इसके अलावा केपीआई ग्रीन एनर्जी ने इंसोलेशन ग्रीन एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड में जीयूवीएनएल फेस-2 में उनकी प्रोजेक्ट के लिए सोलर पीवी मॉड्यूल एन टाइप बीआई फेशियल (जी टू जी) की सप्लाई के लिए जीएसटी सहित कुल 219.91 करोड़ रुपये ऑर्डर गया है। दोनों ही ऑर्डर में प्रोडक्ट की डिलीवरी जून 2025 से मार्च 2026 के बीच होगी।

## गूगल क्लाउड बिजनेस को मजबूत देगा स्टार्टअप विज, अल्फाबेट ने किया खरीदने का ऐलान




**मुंबई।**

गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने बड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने न्यूयॉर्क की एक बड़ी साइबर सिक्योरिटी स्टार्टअप विज को 32 अरब डॉलर (2.7 लाख करोड़ रुपये) में खरीदने की तैयारी कर ली है। यह गूगल के 26 साल के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी कैश डील है। इसके जरिए कंपनी अपने गूगल क्लाउड बिजनेस को और मजबूत करना चाहती है। फिलहाल सेक्टर में अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट का बोलबाला है। अल्फाबेट का कहना है कि लेनदेन पूरा होने के बाद विज को गूगल क्लाउड का हिस्सा बनाया जाएगा। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा, गूगल हमेशा से साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देता आया है। आज बिजनेस और सरकारें पहले से ज्यादा सुरक्षित क्लाउड सॉल्यूशंस और मल्टी-क्लाउड ऑप्शंस चाहती हैं। गूगल क्लाउड और विज मिलकर क्लाउड सिक्योरिटी को नए लेवल पर ले जाएंगे।

4 साल पुरानी कंपनी विज रिमोट डेटा सेंटर में स्टोर जानकारी को घुसपैठियों से सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा टूल्स बनाती है। बीते कई महीनों से विज पर गूगल की नजरें टिकी हुई थीं। पिछले साल जुलाई में विज ने गूगल की तरफ से रखे गए 23 अरब डॉलर के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था।

बताया जाता है कि साइबर सिक्योरिटी कंपनी विज बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। साल 2023 में इसका सालाना रेवेन्यू 50 करोड़ डॉलर था, जो 2025 तक 1 अरब डॉलर होने की उम्मीद है। साल 2023 में इसने 12 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर निवेश लिया, जो बाद में बढ़कर 16 अरब डॉलर (लगभग 1,380 अरब रुपये) हो गया।

## बैंक और बिल्डर्स के बीच सांठ-गांठ को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**-दिल्ली-एनसीआर में हजारों घर खरीदार परेशान, अब सीबीआई करेगी जांच**



**नई दिल्ली।**

दिल्ली-एनसीआर के प्रॉपर्टी मार्केट में बैंक और बिल्डर्स के बीच सांठगांठ को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त हो गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को निर्देश दिया कि वह दो सप्ताह के अंदर एक प्रस्ताव पेश करे कि वह सब्सिडी योजनाओं के तहत रुकी हुई आवासीय परियोजनाओं के संबंध में बैंकों और रियल एस्टेट डेवलपर्स के बीच कथित सांठगांठ की जांच कैसे करना चाहता है।

कोर्ट ने कहा कि इस तरह की मिलीभगत ने दिल्ली-एनसीआर में हजारों घर खरीदारों के लिए परेशानी पैदा कर दी गई है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि सीबीआई के पास इन मुद्दों की जांच के लिए जरूरी एक्सपर्ट्स और रिसोर्सेज हैं, जिससे यह साफ हो गया कि सब्सिडी स्कीम में प्रणालीगत कमियों की जांच जरूरी है। दोनों जजों की बेंच ने कहा कि एक बात हम स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि हम मामले को सीबीआई को भेजेंगेज हम समस्या की जड़ तक जाना चाहते हैं।

यह मामला नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और एनसीआर के अन्य शहरों में रहने वाले हजारों घर खरीदारों से जुड़ा है, जिन्होंने आरोप लगाया है कि बैंकों ने उचित जांच-पड़ताल किए बिना ही सबवेंशन स्कीम के तहत डेवलपर्स को लोन मंजूर कर दिया है। जब, बिल्डरों ने अपने वादों को पूरा नहीं किया, तो ईएमआई भुगतान का बोझ घर खरीदारों पर डाल दिया, जिनमें से कई को अभी तक कब्ज़ा तक नहीं मिला है।

सुप्रीम कोर्ट के 4 मार्च के आदेश में कहा गया है कि बार-बार निर्देश देने के बावजूद, ज्यादातर बिल्डर्स, बैंक और अंतरिम समाधान कंस्ट्रक्शन कंपनी प्रोजेक्ट के कंपलीशन की स्थिति और फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन पर अनुपालन हलफनामा पेश करने में विफल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन आदेशों की स्पष्ट रुप से अवहेलना बैंकों और बिल्डरों के बीच संभावित मिलीभगत का इशारा करती है।

# सीसीआई ने एडवरटाइजिंग एजेंसियों, ग्रुपएम समेत कई जगहों पर मारे छापे

**नइदिल्ली।**

कॉम्पिटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने कार्रवाई करते हुए ग्रुपएम, डेंटुस, इंटरपब्लिक ग्रुप सहित कई ग्लोबल एडवरटाइजिंग एजेंसियों और एक ब्रॉडकास्टिंग इंडस्ट्री ग्रुप के कार्यालयों पर छापे मारे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सीसीआई कीमतों को लेकर कथित मिलीभगत के आरोप में इन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने करीब 10 स्थानों पर तलाशी ली। यह मामला एडवर्टाइजिंग एजेंसियों और बड़े ब्रॉडकास्टर्स के विज्ञापन के रेट और डिस्काउंट तय करने में मिलीभगत करने से जुड़ा है।

छापेमारी मुंबई, नई दिल्ली और गुरुग्राम में की गई। सीसीआई ने हाल ही में इस मामले में केस दर्ज किया था। सूत्रों ने बताया कि ग्रुपएम के मुंबई एयरपोर्ट के पास स्थित ऑफिस बाय 99 को सीसीआई अधिकारियों ने घेर लिया है और जांच जारी है। यह जांच कई महीनों तक चल सकती है और इस दौरान पूरी प्रक्रिया को गोपनीय रखा गया है। इंडियन ब्रॉडकास्टिंग और डिजिटल फाउंडेशन ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सीसीआई भी अपनी इनफोर्समेंट कार्रवाई या प्राइस में मिलीभगत से जुड़े मामलों को सार्वजनिक नहीं करता।

इससे पहले दिसंबर 2024 में सीसीआई ने एल्कोहल इंडस्ट्री के दिग्गज पर्नो रिकार्ड और एन्हेसर-बुश इनबेव के कार्यालयों पर छापा मारा था।

यह कार्रवाई साउथ इंडिया के एक राज्य में रिटेल विक्रेताओं के साथ मूल्य मिलीभगत के आरोपों को लेकर की गई थी।

# भारत को सर्विसेज ट्रेड सरप्लस और रेमिटेंस के मजबूत प्रवाह से लाभ हो रहा

**नई दिल्ली।**

एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत को सर्विसेज ट्रेड सरप्लस और रेमिटेंस के मजबूत प्रवाह से लाभ हो रहा है। उम्मीद है कि ये करंट अकाउंट को सुरक्षित जोन उपलब्ध कराएगा। रिपोर्ट में बताया गया है, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 में चालू खाता घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 1 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026 में 1.3 प्रतिशत रहेगा। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-फरवरी के दौरान सेवा निर्यात का अनुमानित मूल्य 354.90 बिलियन डॉलर था, जो 2023-24 की समान अवधि में 311.05 बिलियन डॉलर से अधिक रहा है।जनवरी में सेवा निर्यात में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि सेवा आयात वृद्धि 13.8 से घटकर 12.6 प्रतिशत रह गई। जनवरी में सर्विसेज ट्रेड सरप्लस 18 बिलियन डॉलर रहा, जबकि एक साल पहले सामान अवधि में यह 16.2 बिलियन डॉलर था, लेकिन दिसंबर में 19.1 बिलियन डॉलर से थोड़ा कम हुआ। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-फरवरी 2024-25 के दौरान भारत के माल और सेवाओं दोनों के संचयी निर्यात में 6.24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो बीते वर्ष की समान अवधि में 706.43 बिलियन डॉलर की तुलना में इस बार 750.53 बिलियन डॉलर हो गया।अप्रैल-फरवरी 2024-25 के दौरान माल निर्यात का संचयी मूल्य 395.63 बिलियन डॉलर था, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 395.38 बिलियन डॉलर था, जो 0.06 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस 11 महीने की अवधि के दौरान सेवा आयात का अनुमानित मूल्य 183.21 बिलियन डॉलर है, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 161.71 बिलियन डॉलर था।ो दर्शाता है। टेक महिंद्रा के एक अे धिकारी ने टेक्सास को टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के लिए एक उभरती हुई शक्ति बताया।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 18 पैसे की बढ़त के साथ ही 86.37 रुपये पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह रुपया 86.52 रुपये पर खुला। वहीं गत दिवस रुपया 26 पैसे बढ़कर 86.55 रुपये पर बंद हुआ। इस प्रकार रुपया मजबूत होकर लगभग दो महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। घरेलू मुद्रा को विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की बिक्री और सीजनल इनफ्लो से समर्थन मिला। जबकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय से पहले क्षेत्रीय समकक्ष मुद्राओं में गिरावट आई थी।गत दिवसा शुरुआती कारोबार में रुपया 10 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.71 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय मुद्रा में तेजी सीमित रही क्योंकि निवेशक बढ़ती वैश्विक व्यापार चिंताओं के संभावित आर्थिक प्रभाव से जूझ रहे हैं। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.71 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.81 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 फीसदी की बढ़त के साथ 103.56 पर रहा।

## इंडसइंड बैंक को लेकर हिंदुजा समूह का आया बयान, शेयरधारकों को मिली राहत

**मुंबई।** इंडसइंड बैंक ने अपने प्रमोटर्स से कोई नई पूंजी नहीं मांगी है। हालांकि डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में गड़बड़ी के बाद बैंक की कुल संपत्ति में भारी नुकसान हुआ है। आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने यह जानकारी दी। हिंदुजा समूह की निवेश इकाई आईआईएचएल को हाल ही में इंडसइंड बैंक में अपनी हिस्सेदारी 16 से बढ़ाकर 26 प्रतिशत करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। हिंदुजा के अनुसार, इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) ने जरूरत पड़ने पर बैंक में पूंजी डालने की बात कही है। आईआईएचएल इंडसइंड बैंक की प्रवर्तक है। उन्होंने कहा कि बैंक ने नई पूंजी डालने की मांग नहीं की है, क्योंकि कुल पूंजी पर्याप्तता 15 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा कि शेयर की कीमत में गिरावट को देखकर प्रवर्तकों के लिए अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का यह सही समय है। इसके पहले आरबीआई कह चुका है कि इंडसइंड बैंक में जमाकर्ताओं का पैसा पूरी तरह सुरक्षित है। उधर, ग्लोबल रेटिंग एजेंसी ने बैंक के शेयरों को डाउनग्रेड किया है। रेटिंग्स एजेंसी ने इंडसइंड बैंक की रेटिंग की पुष्टि की और इसके बेसलाइन क्रेडिट असेसमेंट (बीसीए) को डाउनग्रेड करने के लिए समीक्षा पर रखा। हालांकि, रेटिंग्स एजेंसी का इंडसइंड बैंक की लॉन्ग टर्म रेटिंग पर नजरिया स्थिर बना हुआ है। बैंक के डेरिवेटिव लेनदेन में मिली गड़बड़ी रिटेल अनसिक्योर्ड लोन को लेकर चल रहे तनाव के साथ, बैंक के मुनाफे, पूंजी और वित्तपोषण को प्रभावित कर सकता है।

## वोडा आईडिया ने लॉन्च की 5जी, शुरुआती ऑफर 299 रुपए से

**नई दिल्ली।** टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने बुधवार से भारत में अपनी 5जी सेवाएं लॉन्च कर दी। कंपनी ने बताया कि उसने 5जी सेवाओं की शुरुआत मायानगरी मुंबई से की है और जल्द ही पांच और शहरों में यह सेवा शुरू की जाएगी। टेलीकॉम कंपनी इस नई सेवा के जरिए ग्राहकों के पलायन को रोकने और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े टेलीकॉम बाजार में अपने बड़े प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले मजबूत स्थिति हासिल करने की कोशिश कर रही है। बाजार खुलते ही वोडा आईडिया (वीआई) के शेयरों में 4 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि वीआई का 5जी शुरुआती ऑफर 299 के प्लान से शुरू होता है, जिसमें ग्राहकों को अनलिमिटेड 5जी डेटा मिलेगा। यह ऑफर बाजार में सबसे किफायती विकल्प है। नई 5जी सेवा से वीडियो स्ट्रीमिंग, ओटीटी ऐप्स, ऑनलाइन गेमिंग, वीडियो कॉल और कॉन्फ्रेंसिंग का अनुभव बेहतर होगा। इसके साथ ही डाउनलोडिंग की स्पीड भी बढ़ेगी। हालांकि इस शुरुआती ऑफर की अवधि को लेकर फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।शेयर बाजार को दी सूचना में कंपनी ने बताया कि बेहतर कनेक्टिविटी अनुभव सुनिश्चित करने के लिए वीआई ने नोकिया के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने अपने 5जी नेटवर्क में नई पीढ़ी के उपकरणों को शामिल किया है, जो न केवल हल्के हैं बल्कि ऊर्जा-कुशल भी हैं, जिससे नेटवर्क अधिक सस्टेनेबल बनता है। इसके अलावा, वीआई ने एआई-आधारित सन सिस्टम भी तैनात किया है, जो नेटवर्क प्रदर्शन को लगातार ऑप्टिमाइज़ करता है ताकि उपभोक्ताओं को बेहतरीन अनुभव मिल सके। पिछले 12 महीनों में वीआई ने लगभग 26,000 करोड़ की इक्विटी जुटाई है, जिसमें भारत का सबसे बड़ा एफपीओ 18,000 करोड़ और प्रमोटर का 4 हजार करोड़ का योगदान शामिल है। इस फंडिंग से कंपनी अपने कैपेक्स को तेजी से बढ़ाने में सक्षम हुई है।

## भारत का ऑटो कंपोनेंट निर्यात में 21.2 अरब डॉलर के पार, बीते कुछ वर्षों में मजबूत वृद्धि

**इन देशों में हो रहे निर्यात जर्मनी, बांग्लादेश, यूएस, यूके, यूएई, तुर्कीये**

**मुंबई।** वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत के बढ़ते महत्व के कारण ऑटो कंपोनेंट के निर्यात में बीते कुछ वर्षों में मजबूत वृद्धि दिखाई दी है। देश में बने बाइक पार्ट्स के निर्यात के लिए प्रमुख गंतव्य स्थान जर्मनी, बांग्लादेश, यूएस, यूके, यूएई, ब्राजील, तुर्कीये और श्रीलंका और अन्य देश शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में देश से ऑटो कंपोनेंट का निर्यात 21.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2018-19 के 2.5 अरब डॉलर के घाटे से बढ़कर 300 मिलियन डॉलर के सरप्लस तक एक महत्वपूर्ण बदलाव को दिखाता है। इंडस्ट्री के जानकारों का मानना है कि भारत की ऑटो कंपोनेंट इंडस्ट्री 100 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य पा सकती है, क्योंकि वैश्विक मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं और विनिर्माण रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं, जिससे भारत के पास खुद को एक शीर्ष वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने का मौका है। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत अमेरिका और यूरोप के बाजारों पर ध्यान केंद्रित कर 11 प्रोडक्ट फैमिली को प्राथमिकता देकर संभावित रूप से 40-60 अरब डॉलर का अतिरिक्त निर्यात कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया हैं कि स्थानीयकरण के माध्यम से उभरते ईवी और इलेक्ट्रॉनिक वैल्यू चेन का लाभ उठाकर भारत बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम, टेलीमैटिक्स इकाइयों, इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और एबीएस जैसे कंपोनेंट को बनाकर अतिरिक्त 15-20 अरब डॉलर का निर्यात कर सकता है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद




**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी होने से आई है। इससे लगातार तीसरे कारोबारी दिन बाजार ऊपर आये हैं। रियल्टी और पीएसयू बैंक सेक्टर में तेजी ने बाजार को ऊपर की तरफ खींचा। हालांकि, आईटी स्टॉक्स में गिरावट से बाजार की तेजी पर अंकुश लगा रहा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 147.79 अंक करीब 0.20 फीसदी बढ़कर 75,449.05 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 73.30 अंक तकरीबन 0.32 फीसदी की बढ़त लेकर 22,907.60 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 2 फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी एफएमसीजी और आईटी को छोड़कर एनएसई पर सभी इंडेक्स हरे निशान पर रहे।

आज कारोबार के दौरान निफ्टी के 31 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इनमें श्रीराम फाइनेंस, एचडीएफसी लाइफ, अपोलो हॉस्पिटल्स, टाटा स्टील और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयरों में 3.91 फीसदी तेजी रही जबकि महिंद्रा, ब्रिटानिया, टीसीएस, इंफोसिस और सन फार्मा के 19 शेयरों में गिरावट रही। ये 2.32 फीसदी तक गिरे।

वहीं गत दिवस बाजार तेजी के साथ बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र में बीएसई सेंसेक्स 1,131 अंक या 1.5 प्रतिशत बढ़कर 75,301 पर बंद हुआ था और एनएसई निफ्टी 325.5 अंक या 1.45 प्रतिशत चढ़कर 22,834 पर बंद हुआ था। इस बीच, घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 694.57 करोड़ रुपये के भारतीय शेयर ख़रीदे थे।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार हल्की बढ़त के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक और धातु क्षेत्रों में खरीदारी रही। सुबह सेंसेक्स 17.21 अंक करीब 0.02 फीसदी बढ़कर 75,318.47 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 4.65 अंक तकरीबन 0.02 फीसदी बढ़कर 22,838.95 पर था।

निफ्टी बैंक 271.95 अंक या 0.55 फीसदी बढ़कर 49,586.45 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 477.40 अंक या 0.96 फीसदी बढ़कर 49,994.30 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 137.30 अंक या 0.89 फीसदी उछलकर 15,512.00 पर था।

वहीं अमेरिकी बाजारों की बात करें तो पिछले कारोबारी सत्र में डाउ जोंस 0.62 फीसदी की गिरावट के साथ ही 41,581.31 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.07 फीसदी की गिरावट के साथ 5,614.66 पर और नैस्डैक 1.71 फीसदी की गिरावट के साथ 17,504.12 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में केवल चीन के बाजार में गिरावट रही जबकि जापान, सोल, हांगकांग, जकार्ता और बैंकॉक के शेयरों में तेजी रही।

## ब्रिटेन के हाई स्ट्रीट बैंक स्टैण्डर्ड बंद करेगा अपनी 95 शाखाएं

**लंदन।** ब्रिटेन के हाई स्ट्रीट बैंक स्टैण्डर्ड ने अपनी 95 शाखाओं को बंद करने का फैसला किया है। फैसले से बैंक के कई ग्राहकों को असुविधा हो सकती है, जबकि 750 कर्मचारियों की नौकरियों खत्म होगी। इसके अलावा, बैंक ने कुछ शाखाओं के कामकाज के घंटे भी घटाने का निर्णय लिया है। इस बदलाव के तहत 18 शाखाओं को काउंटर-फ्री बैंक में बदला जाएगा, जहां कोई कैश काउंटर नहीं होगा। वहीं, 36 शाखाओं के कामकाज के घंटे कम किए जाएंगे। बैंक की कुल शाखाओं की संख्या अब घटकर 290 रह जाएगी, जबकि फिलहाल स्टैण्डर्ट की 444 शाखाएं हैं। इसके अलावा, बैंक 5 वर्क कैफे भी खोलेगा, जहां ग्राहकों को फ्री को-वर्किंग स्पेस उपलब्ध कराया जाएगा।ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक ने यह विकल्प दिया है कि जिन शाखाओं को बंद किया जा रहा है, उनके ग्राहक स्टैण्डर्ट के कम्युनिटी बैंकर्स से संपर्क कर सकते हैं, जो स्थानीय स्तर पर बैंकिंग सेवाएं देने वाले है। साथ ही, ग्राहक नजदीकी पोस्ट ऑफिस या बैंकिंग हब का उपयोग कर नकद जमा, निकासी और अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

# कोल इंडिया लिमिटेड की सेबी से गुजारिश, जुर्माना माफ कर दे

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय खनन दिग्गज कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने बीएसई और एनएसई से कंपनी पर लगे जुर्माने को माफ करने का अनुरोध किया है। सीआईएल पर जुर्माना लगाया जा रहा है, क्योंकि कंपनी ने अपने बोर्ड में एक महिला सहित स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या की नियुक्ति के लिए सेबी के मानदंड का पालन नहीं किया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) प्रत्येक ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए सेबी विनियम, 2015 (सेबी एलओडीआर) के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के लिए सीआईएल पर 9.7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से कहा गया कि सेबी विनियमों के संबंध में गैर-अनुपालन न तब कंपनी द्वारा किसी लापरवाही या चूक के कारण था और न ही सीआईएल के प्रबंधन के नियंत्रण में था। अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास भी किए थे। सीआईएल ने कहा है कि यह कोयला मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक सरकारी कंपनी है। कोल इंडिया के एसोसिएशन के लेखों के अनुसार, सभी बोर्ड सदस्यों की नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा होती है।




इसलिए बोर्ड सदस्यों की नियुक्ति सीआईएल के प्रबंधन के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। सीआईएल अपने बोर्ड में एक महिला स्वतंत्र निदेशक सहित अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए कोयला मंत्रालय के साथ नियमित रूप से मामले का फॉलो अप ले रहा है।

## जीरोधा ओवरनाइट फंड लॉन्च, 100 से निवेश शुरू कर सकते हैं

**नई दिल्ली।**

म्युचुअल फंड हाउस जीरोधा ने बुधवार को जीरोधा ओवरनाइट फंड लॉन्च किया। यह एक ओपन एंडेड डेट स्कीम है जो ओवरनाइट सिक्योरिटीज में निवेश करती है। इस स्कीम में तुलनात्मक रूप से कम ब्याज दर जोखिम और कम क्रेडिट जोखिम होता है। यह एनएफओ बुधवार से सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। निवेशक 2 अप्रैल 2025 तक इस न्यू फंड ऑफर में पैसा लगा सकते हैं।जीरोधा म्युचुअल फंड के इस न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) में निवेशक मिनिमम 100 से निवेश शुरू कर सकते हैं, और उसके बाद 1 रुपए के मल्टीपल में निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम में कोई लॉक इन पीरियड नहीं है और न ही कोई एग्जिट लोड है। इस स्कीम का बेंचमार्क हैं। केदारनाथ मिरजकर इस एनएफओ के फंड मैनेजर हैं। फंड हाउस के मुताबिक निवेश का मकसद हासिल करने के लिए यह एनएफओ मुख्य रूप से थर्ड-पार्टी रेपो, डेट, मनी मार्केट सिक्योरिटीज, कैश और कैश इक्विवेलेंट्स में निवेश करेगी, जिनकी मैच्योरिटी एक रात की होगी। इस स्कीम का प्राथमिक उद्देश्य कम जोखिम के साथ रिटर्न जनरेट करना और उच्च स्तर की लिक्विडिटी प्रदान करेगी। इसके अलावा यह स्कीम सेबी रेगुलेशन, 1996 के तहत अन्य म्युचुअल फंड स्कीम्स में भी निवेश कर सकती है।



# नयनतारा ने अपने किरदार को लेकर किया खुलासा

साउथ अभिनेत्री नयनतारा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म टेस्ट को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री ने अब अपनी नेटफ्लिक्स फिल्म टेस्ट में अपने किरदार कुमुधा को पेश किया है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म का टीजर भी जारी किया। नयनतारा ने कुमुधा का किरदार निभाया है, जो एक दृढ़ महिला है, जो एक साधारण जीवन, प्यार से भरा जीवन, एक छोटा सा घर, एक समर्पित पति और एक बच्चे का सपना देखती है। फिल्म में कुमुधा की यात्रा प्रेम और त्याग की कहानी है, जो शक्ति और त्याग से भरी है। चुनौतियों के बावजूद, वह कभी भी अपने सपनों की जिंदगी जीने से पीछे नहीं हटती। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए नयनतारा ने टीजर के साथ कैप्शन में लिखा, कुमुधा की ताकत उसके सपनों की सादगी में है– एक घर, एक परिवार और स्थायी प्रेम, लेकिन जीवन उसे ऐसे तरीकों से परखता है,जिसकी उसने कभी उम्मीद नहीं की थी और उसे उन चीजों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करता है, जो वास्तव में मायने रखती हैं।

इसके अलावा नयनतारा ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह दर्शकों को टेस्ट में कुमुधा की यात्रा दिखाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, उनकी यात्रा को पेश करना अत्यंत मार्मिक था और मैं आशा करती हूं कि दर्शक उनकी हर भावना को महसूस करेंगे। टेस्ट प्रेम, तयाग और अटूट आशा की कहानी है। मैं नेटफ्लिक्स पर सभी को इसका अनुभव देने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

वहीं, जारी हुए टीजर की बात करें तो अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर नयनतारा ने टीजर शेयर किया करते हुए लिखा, इस टीचर के लिए असफलता कोई विकल्प नहीं है। कुमुधा अपनी सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षा का सामना करने वाली है।



**शशांक खेतान के निर्देशन में बनी रही फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी वरुण धवन और जान्हवी कपूर ने अदाकारी की है। यह फिल्म इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म को आखिरकार रिलीज की तारीख मिल गई है। होली के कुछ दिनों बाद, निर्माताओं ने रोमांटिक ड्रामा की रिलीज की तारीख का ऐलान किया है। यह फिल्म 12 सितंबर, 2025 को बड़े पर्दे पर आएगी।**

## इस तारीख को रिलीज होगी

# जाह्नवी और वरुण की फिल्म शूटिंग हुई पूरी

सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी शशांक खेतान की पिछली फिल्मों जैसे हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और इसके सीक्वल बद्रीनाथ की दुल्हनिया की तर्ज पर एक रोमांटिक ड्रामा होगी। इससे पहले, जब टीम ने वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत एक रोमांटिक फिल्म का ऐलान किया था, तो अटकलें लगाई जा रही थीं कि अभिनेत्री आलिया भट्ट की जगह लेंगी। हालांकि, बाद में यह साफ किया गया कि यह फिल्म उस फैंचाइज का हिस्सा नहीं है।

पूरी हो चुकी है फिल्म की शूटिंग टीम ने पिछले साल सितंबर में उदयपुर में शूटिंग पूरी की थी। रिपोर्ट्स बताती हैं कि निर्माताओं ने पूरी शूटिंग पूरी कर ली है, और फिल्म अभी पोस्ट–प्रोडक्शन में है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल और अक्षय ओबेरॉय भी हैं।

**वरुण धवन का काम**

काम के मोर्चे पर, वरुण के पास कई काम हैं। वरुण हाल ही में बेबी जॉन में देखा गया था, बॉर्डर 2 में सनी देओल और दिलजीत दोसांझ के साथ सह–कलाकार हैं। वह अपने पिता डेविड धवन की अभी तक बिना शीर्षक वाली मनोरंजक फिल्म की शूटिंग के लिए भी तैयार हैं।

**जाह्नवी कपूर का काम**

जान्हवी कपूर के पास भी तीन फिल्में हैं। वह जूनियर एनटीआर–स्टारर की अगली कड़ी में एक गांव की लड़की के रूप में वापसी करेंगी। इसके अलावा, वह परम सुंदरी में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। इस बीच, जान्हवी ने राम चरण के साथ अपनी दूसरी तेलुगु फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।

## जॉन की ख्वाहिश अक्षय कुमार संग फिर से करें कॉमेडी फिल्म



हाल ही में एक इंटरव्यू में जॉन अब्राहम ने बताया कि वह अपने दोस्त अक्षय कुमार के साथ एक बार फिर से कॉमेडी फिल्म में काम करना चाहते हैं। इन दोनों कलाकारों ने पहले भी 'गरम मसाला', 'देसी बॉयज' और 'हाउसफुल 2' जैसी कॉमेडी फिल्मों में साथ अभिनय किया है। सभी फिल्मों को दर्शकों ने भी सराहा है।

जॉन को मजेदार कॉमेडी स्क्रिप्ट की तलाश

जॉन अब्राहम कहते हैं, 'मैं कुछ मजेदार काम करना चाहता हूं। मैं दर्शकों को हंसाना चाहता हूं, उनका भरपूर मनोरंजन करना चाहता हूं। जैसे फिल्म गरम मसाला थी, यह कॉमेडी फिल्म मेरे लिए बड़ी खास रही। यही कारण है कि मैं एक खास स्क्रिप्ट की तलाश में हूं, जिसमें मजेदार काम करने को मिले। साथ ही अक्षय कुमार से भी मेरी बातचीत चल रही है। हम लंबे वक्त से फिर से साथ काम करना चाहते हैं। हम एक–दूसरे से काफी इंस्पायर हैं। मैं जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिर से फिल्म करने का बहाना तलाश कर रहा हूं।' जॉन अब्राहम आगे कहते हैं, ' फिल्म 'द डिप्लोमैट' के निर्देशक शिवम नायर को मैंने कॉमेडी फिल्म लिखने को कहा है। वह काफी मजाकिया आदमी हैं। मैंने शिवम को कहा है कि ऐसी फिल्म बनाते हैं, जिसे देखकर दर्शक हंसते पड़े, लोट–पोट हो जाएं। जॉन अब्राहम की हालिया रिलीज 'डिप्लोमैट' को दर्शकों ने पसंद किया है। इस फिल्म में उन्होंने राजनयिक जेपी सिंह की भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी एक भारतीय महिला को पाकिस्तान से बाहर निकालने और बचाने की है।

## फिल्म के लिए सीखी पहलवानी के सारे दांव-पेंच सीरीज में काम आए



एक्ट्रेस अदिति पोहनकर ने आमिर खान की फिल्म 'दंगल' के लिए पहले ऑडिशन दिया था, लेकिन इस फिल्म के लिए वो रिजेक्ट हो गई थीं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान इस बात का खुलासा किया कि 'दंगल' के लिए उन्होंने जो तैयारियां की थीं वह वेब सीरीज आश्रम के समय काम आया। 'दंगल' महावीर सिंह फोगाट और उनकी बेटियों, गीता फोगाट और बबिता फोगाट की कहानी पर आधारित थी। इस फिल्म के लिए ऑडिशन देने से पहले अदिति पोहनकर पहलवानी सिख रही थी। हरियाणवी बोली के साथ–साथ पहलवानी के सारे दांव–पेंच आजमा रही थीं, लेकिन इस फिल्म में काम करने से चूक गई। अदिति पोहनकर ने बताया– भले ही मैं 'दंगल' के लिए रिजेक्ट हो गई, लेकिन उस समय मैंने जो कुछ भी सीखा था। वह आश्रम में काम आया। इस सीरीज में पम्मी पहलवान के किरदार के लिए फिर मुझे ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। जब भी कोई कुछ सीखता है, तो वह कहीं ना कहीं भविष्य में काम आता है। अदिति पोहनकर ने अपने करियर की शुरुआत 2010 में रिलीज फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' से की थी, लेकिन सही मायने में उनकी उन्हें पहचान वेब सीरीज आश्रम से मिली। इस सीरीज का तीसरा पार्ट भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो चुका है। जिसमें अदिति के परफॉर्मेंस को काफी सराहा जा रहा है।

## शूटिंग के दौरान बेरुखा रवैया दिखाने पर इमरान हाशमी पर भड़का पाकिस्तानी अभिनेता

**बॉलीवुड की कई फिल्मों में नजर आ चुके पाकिस्तानी अभिनेता जावेद शेख ने अभिनेता इमरान हाशमी के साथ अपने काम करने के अनुभवों को साझा किया है। जावेद शेख का कहना है कि इमरान हाशमी के साथ उनके अनुभव अच्छे नहीं रहे और इमरान हाशमी ने फिल्म के सेट पर उनसे अच्छे से व्यवहार नहीं किया।**



एंटरटेनमेंट के एक यूट्यूब वीडियो में जावेद शेख ने 2008 में आई इमरान हाशमी की फिल्म 'जन्नत' के दौरान के अपने अनुभव और इमरान हाशमी के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इमरान हाशमी के साथ उनका शूटिंग करने का अनुभव अच्छा नहीं रहा। जावेद शेख ने कहा, फिल्म के निर्माता महेश भट्ट थे और उन्होंने फिल्म का निर्देशन करने के लिए एक नए निर्देशक कुणाल को शामिल किया था। जब मैंने फिल्म साइन की तो उन्होंने मुझे फिल्म की पूरी कहानी और सब कुछ समझाया था। हालांकि, मुझे तब तक इमरान हाशमी से मिलने का मौका नहीं मिला था।

## कार्तिक की लव आज कल की असफलता पर इम्तियाज ने की खुलकर बात



इम्तियाज अली की फिल्म लव आज कल (2009) में सैफ अली खान और दीपिका पादुकोण की जोड़ी नजर आई थी। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। इसके बाद 2020 में इम्तियाज ने इसी नाम से जब एक और फिल्म बनाई तो यह बुरी तरह नाकाम रही। सीक्वल फइल्म में सारा अली खान और कार्तिक आर्यन लीड रोल में थे। हाल ही में इम्तियाज ने इस फिल्म की असफलता पर खुलकर बात की और जिम्मेदारी खुद पर ली।

**इम्तियाज ने बताई फिल्म के न चलने की वजह:** यूट्यूब चैनल गेम चेंजर्स पर बात करते हुए इम्तियाज ने कहा कि लव आज कल 2 में उन्होंने कई गलतियां कीं।

उन्होंने कहा, मैंने फिल्म में बहुत कुछ डालने की कोशिश की, जिससे यह भारी हो गई। फिल्म की सहजता खो गई। यह इतनी जटिल हो गई कि लोग समझ ही नहीं पाए कि क्या हो रहा है।

**कास्टिंग का किया बचाव:** फिल्म की नाकामी के बाद सारा अली खान को उनके अभिनय के लिए आलोचना झेलनी पड़ी थी। सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल भी किया गया था।

इस बातचीत में इम्तियाज ने साफ कहा कि असफलता का कारण कास्टिंग नहीं थी। उन्होंने कहा, यह कास्टिंग की वजह से नहीं हुआ। सीक्वल बनाते वक्त एक मजबूत वजह होनी चाहिए। मेरे पास वजह थी, लेकिन मैं उसे ठीक से बता नहीं पाया। फिल्म की पब्लिसिटी में भी यह बात सामने नहीं आई।

**क्या अब भविष्य में सीक्वल नहीं बनाएंगे?:** जब उनसे पूछा गया कि क्या लव आज कल 2 की नाकामी ने उन्हें सीक्वल बनाने से डरा दिया? इस पर इम्तियाज ने जवाब दिया, हां, कुछ हद तक। मेरे पास लव आज कल 2 के लिए नई कहानी थी फिर भी फिल्म नहीं चली।

तो जब तक बहुत जरूरी न हो मैं सीक्वल नहीं बनाना चाहता। लेकिन कभी न कहो कभी- रॉकस्टार 2 बनाना अच्छा हो सकता है। इम्तियाज ने यह भी साफ किया कि वे भविष्य में जरूरत पड़ने पर सीक्वल पर विचार कर सकते हैं।



# द पैराडाइज में खलनायक बनेगा यह दिग्गज अभिनेता

नानी अपने करियर के शिखर पर हैं। उन्होंने लगातार हिट फिल्में दी हैं। वर्तमान में वह एक नहीं, बल्कि दो बहुप्रतीक्षित फिल्मों हिट 3 और द पैराडाइज के लिए तैयार हैं। हाल ही में नानी की एक्शन ड्रामा द पैराडाइज की पहली झलक जारी हुई थी, जिसने काफी चर्चा बटोरी है। इस एक्शन से भरपूर ड्रामा का निर्देशन श्रीकांत ओडेला ने किया है, जिन्होंने पिछली बार नानी के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्म दशहरा में काम किया था। अब यह जोड़ी एक बार फिर हिट फिल्म देने की कोशिश कर रही है।

मोहन बाबू होंगे खलनायक

कुछ दिनों पहले द पैराडाइज का टीजर रिलीज किया गया था। वहीं, अब इस फिल्म के एक और कलाकार की एंट्री की खबर सामने आ रही है, जो फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहन बाबू फिल्म में मुख्य खलनायक की भूमिका निभाएंगे।

मोहन बाबू वर्सेज नानी की कहानी

प्रोडक्शन टीम से जुड़े सूत्र का कहना है कि मोहन बाबू मुख्य प्रतिपक्षी की भूमिका निभाएंगे। यह खबर विशेष रूप से खास है, क्योंकि मोहन बाबू ने तेलुगु फिल्मों में अपनी उपस्थिति काफी कम कर दी है, ज्यादातर अपने बेटों द्वारा निर्मित परियोजनाओं में अभिनय कर रहे हैं। द पैराडाइज में खलनायक की भूमिका निभाने का उनका निर्णय फिल्म के लिए सफल साबित होगा। फिल्म में मोहन बाबू और नानी के बीच दमदार सीक्वेंस देखने को मिलेंगे।

दो भागों में रिलीज होगी फिल्म

सिकंदराबाद के बैकग्राउंड पर आधारित द पैराडाइज एक बीते युग की अनोखी दुनिया की कहानी बयां करेगी। यह फिल्म एक हाशिए पर पड़ी जनजाति की कहानी है, जिसके अधिकार छीन लिए गए हैं और जो एक नेता में आशा ढूंढती है। नानी और श्रीकांत ओडेला ने फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बनाई है और इस परियोजना का प्रीमियर दो भागों में हो सकता है।

## द राजा साब बड़े पर्दे पर कब देगी दस्तक? प्रभास की फिल्म पर आया नया अपडेट



सलार के बाद दर्शकों को प्रभास की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म का नाम द राजा साहब है। यह एक हॉरर–कॉमेडी ड्रामा है। इसका निर्देशन मशहूर निर्देशक मरुति ने किया है। फिल्म में प्रभास मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और रिद्धि कुमार जैसे सितारे अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। शुरुआत में द राजा साहब को 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज करने की योजना थी। अब मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो निर्माता इस फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक द राजा साब को अगस्त 2025 के मध्य में रिलीज करने की तैयारी की जा रही हैं। खास बात यह है कि फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक यह अपनी पहुंच बना सके। जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

संजय दत्त भी हैं फिल्म में

इस फिल्म में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त भी एक महत्वपूर्ण किरदार में दिखेंगे। उनकी मौजूदगी की वजह से यह फिल्म और रोमांचक हो गई है। द राजा साहब का निर्माण टीजी विश्व प्रसाद ने पीपल मीडिया फैक्ट्री बैनर के तहत किया है। फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार थमन ने तैयार किया है।

इन फिल्मों में नजर आएंगे प्रभास

वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रभास जल्द ही कन्नप्पा में नजर आएंगे। फिल्म में वह विशिष्ट भूमिका में हैं। वहीं, उनके पास प्रशांत नील की फिल्म सलार 2 भी है। इसके अलावा वह संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में भी काम कर रहे हैं। फिल्म में वह पुलिस अफसर की भूमिका में दिखेंगे।

समाचार गेट HARHIN11569 स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# पानी की गुणवत्ता का मामला आफताब अहमद ने विधानसभा में उठाया

## विशेष मामले के तौर पर उठाया गया मामला

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने अपने साथी विधायकों के साथ मिलकर विधानसभा में अल्प अवधि चर्चा में पानी और पानी की गुणवत्ता का मामला उठाया। विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि दक्षिण व पश्चिम जिलों में नूंह, भिवानी, फतेहाबाद, झज्जर, सिरसा, फ़रीदाबाद, पलवल, गुड़गांव, हिसार, जींद, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, रोहतक में सैम ग्रस्त और पानी में खतरनाक तत्वों की मौजूदगी गंभीर समस्या है। ये पानी ना पीने और ना खेती के लिए उपयुक्त है, ख़तरनाक पानी फसलों की पैदावार क्षमता को कम कर रहा है। विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि गुड़गांव केनाल के पानी की गुणवत्ता बेहद ख़राब है जिसमें रसायनों, गंदगी और विषेले पदार्थों की मात्रा अधिक है जो खेतों, जानवरों और इंसानों के लिए खतरनाक है । इससे यहाँ की भूमि लगातार बंजर हो रही है और लोगों में कैंसर जैसी बीमारी भी पनप रही है । ये नहर फरीदाबाद, गुड़गांव, नूंह, पलवल, अलवर तक के किसानों को पानी आपूर्ति करती है। नहर के आसपास सैम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है जिसमें नूंह तहसील, इंडरी, नगीना, पुनहाना आदि मुख्य हैं।



विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा लगभग 80 गाँव की 75000 ऐकड खेती युक्त भूमि में 35000 ऐकड यानी आधी खेती लायक भूमि सैम की समस्या से ग्रस्त हैं जो चिंताजनक है । उन्होंने कहा कि इरिगेशन विभाग द्वारा 40 ट्यूबवेल लगने थे जिनकी प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बावजूद 6 करोड़ रुपए का बजट बीते तीन साल से स्वीकृत नहीं हुआ है ।विधायक आफताब अहमद ने मांग की कि इसका संज्ञान लेकर ये राशि आवंटित की जाए ताकि ऐसी स्थिति में सुधार किया जा सके। विधायक आफ़ताब अहमद ने मांग की कि विधानसभा एक ऐतिहासिक कदम उठाये जिससे इस समस्या का समाधान हो सके और आगे आने वाले समय में भूजल स्तर में सुधार हो सके और अगली पीढ़ी को स्वच्छ पानी मुहैया कराया जा सके ।इसके अलावा इसके लिए एक समय अवधि तय की जाए ताकि किसानों को पर्याप्त व गुणवत्ता पूर्ण पानी समय पर मिल सके।

# चंडीगढ़ की तर्ज पर नूंह जिले का विकासः सुरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू बाबा जिला अध्यक्ष

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह जिले से नवनियुक्त भाजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू बाबा ने जिला भाजपा कार्यालय झिर कमल जाकर अपना पदभार संभाल लिया। अपने कार्यकाल की शुरुवात करते हुए कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्ष के साथ मीटिंग ली और उनको जरूरी दिशा निर्देश दिए। मीटिंग से पहले सभी ने जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू बाबा का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। सभी के सहयोग के साथ काम करने के बारे में चर्चा की गई। बाबा पिंटू ने कहा कि अबकी बार नूंह जिले में तीनों सीट भाजपा की झोली में डालने का काम किया जाएगा। नूंह जिले में विकास की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। जो विकास रह गए या किसी कारण




वश नहीं हो पाया उसको सबसे पहले किया जाएगा। बाबा ने कहा कि ये आप सभी के प्यार और मेहनत का फल है, जो आज मुझे भाजपा सरकार ने नूंह जिले से जिला अध्यक्ष पद पर रहकर जिले की सेवा करने का मौका दिया है।बाबा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया और कहा कि जो विश्वास भारतीय जनता पार्टी ने किया है उसको हमेशा कायम रखूंगा। बाबा ने बताया कि भाजपा सरकार का एक नारा सब का साथ सब का विकास सब का विश्वास जिस पर हमारी पार्टी काम करेगी। आने वाले समय में नूंह जिले के सभी ब्लॉकों में भरपूर विकास किया जाएगा। ओर आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को नूंह जिले में भारी जीत दर्ज करने का काम किया जाएगा।

# पंचकूला में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन



### विभिन्न ज़िलों के पार्षदों ने नशा मुक्त नायाब जीवन के नारों से लिया नशा मुक्त जीवन का संकल्प

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**पंचकूला।** लोक प्रशासन संस्थान हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र, अम्बाला, यमुनानगर और पंचकूला के पार्षदों के लिए मादक पदार्थों एवं प्रतिबंधित नशों को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सेक्टर 25 में स्थित संस्थान में आयोजित की गई।इस कार्यशाला में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा विशेषज्ञ के रूप में पहुंचे हुए थे। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों से नशे के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जा रही है तो दूसरी और नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में वे हरियाणा के अलग अलग स्थानों में जाकर नशे के विरुद्ध जागरूक कर रहे हैं और अब तक 574 से अधिक लोगों को नशा मुक्त किया जा चूका है।उन्होंने पार्षदों को नशे के विरुद्ध विस्तारपूर्वक जागरूक करते हुए बताया कि नशे कितने प्रकार के हैं, इनके मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ते हैं। ये कहाँ से और क्यों आ रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि ब्यूरो का लक्ष्य न केवल अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजना है अपितु नशे में ग्रस्त लोगों का उपचार कराना उनका ध्येय है। उन्होंने कार्यक्रम के मध्य बकेट चैलेंज के बारे में पार्षदों को बताया और इस अभियान से जोड़कर सभी ने एक स्वर में कहा नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन। कार्यक्रम के अंत में डॉ. वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508, अथवा 1933 अथवा एनसीबी के मानस पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकता है।

# एक कदम स्वावलंबन की और कार्यक्रम का आयोजन




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सेवा भारती पश्चिम महानगर द्वारा संत कबीर गीता विद्या मंदिर स्कूल मुजेसर के प्रांगण में एक कदम स्वावलंबन की और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पुनीता हसीजा व विशिष्ट अतिथि सुश्री माधवी उपस्थित थी। इस मौके पर डॉ. पुनीता हसीजा ने महिलाओं से बातचीत की और उनके स्वास्थ्य को लेकर के मैमोग्राफी को लेकर के तथा महिलाओं के और किसी भी प्रकार की तकलीफ के विषय को लेकर के उन्होंने बहुत अच्छी जानकारी भी महिलाओं को दी। इसके साथ-साथ माधवी राघवन जी का सानिध्य मिला और उन्होंने शिक्षिकाओं को सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने और कपड़े के थैले का इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया। उन्होनें थैलों को बनाने के लिए कुछ धनराशि भी देकर महिलाओं को पुरुस्कृत भी किया। इस मौके पर प्रांत सह सचिव संजय त्यागी, प्रांत स्वावलंबन आत्म प्रकाश सेतिया, प्रांत से कोषाध्यक्ष शिव कुमार कटारिया, एक कदम स्वावलंबन की ओर से मनोज जेटली, विभाग प्रकल्प प्रमुख भुवनेश शर्मा, सचिव हरि ओम, दिनेश, राकेश, राजकुमार जिंदल, करण सिंह,गौरी शंकर, धर्मपाल कुकरेजा, मुकेश आहुजा, राजीव गांधी मुख्य रूप से मौजूद थे। मंच संचालन श्रीमती नेहा त्रिपाठी जी ने किया। गीता गर्ग ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर महिलाओं का थैले बनवाने में विशेष सहयोग किया तथा सभी केदो की शिक्षिकाएं एवं अपने साथ लेकर के आई बच्चियों को भी इस कार्यक्रम में वे लाई।

# जिलाध्यक्ष को बधाई



भाजपा जनता युवा मोर्चा हरियाणा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरवीर चहल ने नवनियुक्त बल्लभगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष सोहनपाल छोकर को उनके निवास पर चांदी का मुकुट पहनाकर नई जिम्मेदारी मिलने की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर उनके साथ गौरव चहल, अरुण सिद्धू, अरुण चौधरी, कपिल, किशन, युग, रवि, अनुज, धर्मवीर व युवा मोर्चा के अन्य युवा नेता उपस्थित रहे। **चित्रः समाचार गेट**

# वार्ड 40 पार्षद पवन यादव ने की जे.ई. के साथ मीटिंग

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ।** वार्ड न 40 से पार्षद पवन यादव ने हॉर्टिकल्चर जेई के साथ मीटिंग की जिसमें सैक्टर 3, 36 गज, समेत वार्ड के सभी पार्कों के रखरखाव, सफाई और सौंदर्यीकरण बच्चों के झूलों की मरम्मत, बुजुर्गों के लिए ओपन जीम, कार्य को लेकर चर्चा की।इस अवसर पर पार्षद पवन यादव ने कहा कि यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक सार्वजनिक स्थल सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## रक्तदान शिविर का आयोजन 23 मार्च को






**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** यूथ डेवलपमेंट सोसाइटी पृथला की ओर से 23 मार्च को 19वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर प्रातः 8:00 बजे से 3:00 बजे तक चलेगा। इस रक्तदान शिविर का आयोजन सरकारी मॉडर्न संस्कृति स्कूल पृथला में आयोजित किया जाएगा। यह रक्तदान शिविर 23 मार्च शहीदी दिवस पर शहीद ए आज़म वीर भगत सिंह राजगुरु वह सुखदेव जी के बलिदान दिवस पर अमर वीर शहीदों की याद में किया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर में सहयोगी ब्लड बैंक संत भगत सिंह जी महाराज चैरिटेबल हॉसपिटल व डिवाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक फरीदाबाद जैसी संस्थाएं सहयोग कर रही हैं इस रक्तदान शिविर का आयोजन रक्तबीर धीरूभाई भगत सिंह की ओर से किया जा रहा है।

## रेवाड़ी में नागरिक अस्पताल तथा ट्रॉमा सेंटर का भवन नए स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा : कुमारी आरत सिंह राव

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि रेवाड़ी में नागरिक अस्पताल तथा ट्रॉमा सेंटर का भवन नए स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा, क्योंकि वर्तमान भवन निचाई वाले स्थान पर है। स्वास्थ्य मंत्री आज विधानसभा में सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रही थी। कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि वर्तमान में रेवाड़ी में 22 कनाल भूमि पर नागरिक अस्पताल और 14 कनाल भूमि पर ट्रॉमा सेंटर कार्यरत है। इस नागरिक अस्पताल को वर्ष 2019 में 200 बिस्तरों वाले अस्पताल में अपग्रेड किया गया था। ट्रॉमा सेंटर वर्ष 2007-08 से कार्यरत है। उन्होंने बताया कि वर्तमान नागरिक अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर का भवन निचले इलाके में स्थित है। इसको अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए सरकार के पास दो गांव गोकुलगढ़ तथा भगवानपुर में बनाने के लिए प्रस्ताव आये हैं। इनकी फिजिबलिटी चैक करवाकर किसी एक उपयुक्त स्थान पर भवन बनाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने धारूहेड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करने के सवाल पर बताया कि इस केंद्र को जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तौर पर अपग्रेड करके जल्द काम शुरू कर दिया जाएगा।

